


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 97 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### छत्तीसगढ़ में उत्तरी ठंडी हवाओं का असर, गिरा पारा, बढ़ी ठंड, छाए रहेंगे बादल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश में अब ठंडी हवाओं का आगमन हो गया है। इसके चलते एक बार फिर ठंड में भी बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट की भी संभावना है। आज प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से बदल छाए हुए हैं। ठंड हवाएं चल रही हैं। इससे एक-दो जगहों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं बीते दिनों गुरुवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के उत्तरी भाग में अगले 72 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावटहोने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में आज शुक्रवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। ठंड हवाओं का आगमन और बादल छाए रहने की वजह से प्रदेश के एक-दो जगहों पर बारिश होने की संभावना है।

बीते दिनों गुरुवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के इलाकों में दिनभर बादल छाए रहे। इसके साथ ही हल्की मध्यम बारिश भी दर्ज की गई है। बादल छाए रहने और बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में भी 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। उत्तर से ठंडी हवा आने के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है।

गुरुवार को सबसे ठंड इलाका कोरिया रहा। यहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं परदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दंतेवाड़ा में 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आज शुक्रवार को राजधानी रायपुर में बादल छाए रहने की संभावना है।

# मजदूरों को मुफ्त मिलेगा भरपेट भोजन

## सरकार ने दी श्रमिकों को बड़ी सौगात, फिर से खुलेंगे दाल-भात केंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के मजदूरों को बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार ने गरीब मजदूरों के लिए एक बार फिर से दाल-भात केंद्र शुरू करने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने दी है। उन्होंने कहा है कि मजदूरों के लिए खोले गए इस दाल-भात केंद्रों में उन्हें नि:शुल्क भरपेट खाना दिया जायेगा। वहीं इस योजना को आने वाले अप्रैल के महीने से शुरू किया जा सकता है।

गौरतलब है कि इस योजना को भाजपा की पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह सरकार ने प्रारम्भ किया था। हालांकि उस वक्त मजदूरों को भरपेट भोजन के ऐवज में 5 रूपए का भुगतान करना पड़ता था। 2018 के चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस योजना को आर्थिक सहयोग बंद कर दिया गया था, जिसके चलते दाल-भात केन्द्र बंद हो गए थे। प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनने के बाद अब एक बार फिर से दाल भाल केन्द्र प्रारम्भ करने की तैयारी है। इस बार मजदूरों को मुफ्त में भरपेट भोजन करने को मिलेगा।

भाजपा की पूर्ववर्ती डॉ. रमन सरकार के दौरान प्रदेशभर में 128 दाल भात केंद्र संचालित थे। इन केन्द्रों को 2004 में अन्नपूर्णा दाल भात योजना के तहत शुरू किया गया था। योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में भरपेट दाल-भात मिलता था। 2019 अप्रेल के महीने में दाल भात केन्द्रों को चावल मिलना बंद हो गया और इसके बाद केंद्र बंद होते चले गए। श्रममंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सरकार के पास योजना के लिए पूरी व्यवस्था है। इसलिए श्रमिक वर्ग से भोजन के ऐवज में पैसे लेने की आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री से इस बारे में चर्चा करके योजना बना रहे हैं। मजदूर से पैसे लेने की आवश्यकता नहीं है। हम जल्द ही नि:शुल्क भोजन मजदूरों को देने की व्यवस्था करने की दिशा में काम कर रहे हैं।




### विधानसभा में उठेगा मुद्दा

दाल-भात केंद्रों में गड़बड़ी का ये मामला आगामी विधानसभा सत्र में उठेगा। भाजपा इस मामले में कांग्रेस को घेरने की तैयारी में है। श्रम मंत्री ने अधिकारियों को इस पूरे मामले की जानकारी देने को कहा है। चर्चा है कि गड़बड़ी में कुछ अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है। दूसरी तरफ श्रमिकों को नि:शुल्क भोजन देने का एलान भी विधानसभा में साय सरकार आधिकारिक रूप से कर सकती है। बजट सत्र में इसे लेकर वित्तीय बंदोबस्त के साथ सरकार इस योजना को फिर से प्रदेश में लागू करने की तैयारी में है।

### मंत्री ने लगाया घोटाले का आरोप, तलब की फाइल

श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने मीडिया से चर्चा करते हुए दाल-भात केन्द्रों की आड़ में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दाल भात केन्द्र बंद होने के बाद भी ठेका एजेंसी को भुगतान किया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद अब अफसरों से फाइल तलब की गई है। रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान श्रममंत्री श्री देवांगन ने कांग्रेस सरकार के कामकाज सवाल खड़ा किया। मंत्री ने कहा कि डॉक्टर रमन सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने दाल भात केंद्र शुरू किए थे। श्रमिकों को 5 रुपए में गर्म व ताजा भोजन दिया जाता था। कांग्रेस की सरकार आने के बाद यह योजना बंद हो गई। मंत्री ने गड़बड़ी का हवाला देते हुए कहा कि मैंने अधिकारियों से फाइल मंगवाई है, क्योंकि ठेका एजेंसी को ऐसे वक्त पर भुगतान किया जा रहा था, जब दाल भात केन्द्रों में भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी। कांग्रेस ने 52 रुपए प्रति मजदूर के हिसाब से भुगतान किया है। एक जगह पर भोजन का काम नहीं हो रहा है, ठेकेदार को पेमेंट भी हुआ है। उन्होंने इसे सरासर नाइंसाफी बताया। श्रममंत्री ने कहा कि करोड़ों रुपए का भुगतान तो हुआ लेकिन भोजन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हमने निर्देश दिया है, पैसे की रिकवरी भी की जाएगी।

## आंगनबाड़ियों में बनेंगे झूलाघर




छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद लगातार जनोपयोगी और जनहितकारी निर्णय लिए जा रहे हैं। जल्द ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए झूलाघर की स्थापना की जाएगी। राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1500 झूलाघर की स्थापना करने का लक्ष्य दिया गया है। महिला बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने विभागीय समीक्षा में कहा कि गांव में सर्वे कर बच्चों का चिन्हाकन कर लिया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनाए जाने वाले झूलाघरो में काम-काजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल की जाएगी। अधिकारियों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करने और केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ दिलाने को कहा गया है। गंभीर कुपोषण वाले बच्चों का चिन्हांकन करके उनके पौष्टिक आहार पर ध्यान देने, बाल संदर्भ योजना का लाभ अधिकाधिक बच्चों को दिलाने को भी कहा गया है। योजना के तहत गंभीर बीमारी दिल की बिमारी, मानसिक रूप से दिव्यांग, कटें-फटे होंठ वाले आदि अन्य बीमारियों से प्रभावित बच्चों का चिरायु टीम के माध्यम से उच्च स्तरीय इलाज की व्यस्था की जाएगी। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों का डोर-टू-डोर सर्वे कर आंगनबाड़ी की सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई करने और आवश्यकतानुसार रंग-रोगन भी करवाने को कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब पुलिस कर्मियों को मिलेगा वीकली ऑफ, पीएचक्यू ने जारी किया सर्कुलर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब पुलिस कर्मियों के साप्ताहिक अवकाश रास्ता साफ हो गया है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है। पुलिस कर्मचारियों की कार्य की प्रवृत्ति एवं कार्य के दबाव को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दिवस का साप्ताहिक अवकाश दिया जाएगा। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से जारी परिपत्र के अनुसार थाना एवं जिले में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल की कंपनियों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश देने की प्रक्रिया तय कर दी गई है।

थाने में पदस्थ कर्मियों के लिए एक दिवसीय साप्ताहिक अवकाश प्रारंभिक तौर पर आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को देय होगा। नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र में पदस्थ जिला पुलिस बल के अधिकारियों व कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश के स्थान पर 3 माह में एक बार 8 दिवस का अवकाश दिया जायेगा। थाने में पदस्थ कर्मियों को रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात् पूरे 24 घंटे का अवकाश सप्ताह में एक बार दिया जायेगा। यानि कोई पुलिसकर्मी यदि रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात् जाता है, तो उसे उस दिन एवं अगले दिन की प्रात: गणना तक उपस्थिति से छूट मिलेगी। यह साप्ताहिक अवकाश रात्रि ड्यूटी के बाद प्रारंभ होकर अगले दिन प्रात: गणना रोलकॉल तक के लिए रहेगा। प्रत्येक कंपनी में इस प्रकार का रोस्टर बनाया जाये, ताकि प्रत्येक कंपनी के प्रत्येक जवान को एक नियत दिनांक को साप्ताहिक अवकाश मिल जाए। यानि कि मंगलवार को अवकाश दिया जाता है, तो उसे अगले प्रत्येक मंगलवार को ही साप्ताहिक अवकाश दिया जायेगा।




### कैरी फारवर्ड नहीं होगा साप्ताहिक अवकाश

साप्ताहिक अवकाश के साथ अन्य अवकाशों का लाभ भी देय होगा परन्तु साप्ताहिक अवकाश पर रवानगी रात्रि ड्यूटी करने के बाद दी जायेगी एवं अन्य अवकाश की गणना अगले दिन से की जायेगी। साप्ताहिक अवकाश की सुविधा किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़ी नहीं जायेगी एवं साप्ताहिक अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया (Carry forward) जा सकेगा, एवं इसका नगदीकरण (Encashment) नहीं किया जावेगा। उपरोक्त आदेश उन पुलिसकर्मियों पर लागू नहीं होंगे जो पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय में पदस्थ है। इसी प्रकार यह अवकाश पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल मुख्यालय, रेडियो मुख्यालय, ट्रेनिंग स्कूल एवं अकादमी में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर लागू नहीं होंगे।

### वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान ऐसे होगी गणना

यदि किसी कारणवश जैसे वीवीआईपी भ्रमण एवं कानून व्यवस्था की संगीन स्थिति के फ्लस्वरूप प्रत्येक कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नही दिया जाता है, तो 01 दिन की अधिकतम सीमा तक जमा होगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि उसे उसी माह में यथासंभव यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विषम सुरक्षात्मक कारणों से यह अवकाश निरस्त किया जा सकेगा। उपरोक्त परिस्थितियों में इकाई प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा। विषम परिस्थितियों में पुलिस अधीक्षक व सेनानी द्वारा ही अवकाश निरस्त किया जायेगा। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक व सेनानी एवं रेंज पुलिस उप महानिरीक्षक को दिया जायेगा। परिपत्र में उल्लेख है कि अवकाश की गणना वर्तमान में प्रचलित प्रथा के अनुसार अपरान्ह में 12.05 पर रवानगी व पूर्वान्ह में 11.55 की वापसी प्रथा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए एवं सामान्य अवकाश में रवानगी संध्या रोलकॉल के बाद दी जाये व प्रात: गणना/रोलकॉल के समय आमद करायी जाये।

### जिलों के एसपी तय करेंगे रोस्टर

प्रत्येक पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिले में थाना एवं चौकियों में पदस्थ कर्मियों का इस प्रकार से रोस्टर तैयार करेंगे, जिससे प्रत्येक पुलिसकर्मी को यह ज्ञात रहे कि उसे कौन से दिन का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। यानि कि मंगलवार को अवकाश दिया जाता है, तो उसे अगले प्रत्येक मंगलवार को ही साप्ताहिक अवकाश दिया जायेगा। यदि किसी कारणवश जैसे व्ही.व्ही.आई.पी. भ्रमण एवं कानून व्यवस्था की संगीन स्थिति के फ्लस्वरूप प्रत्येक कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है, तो एक दिन की अधिकतम सीमा तक जमा होगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि उसे उसी माह में यथासंभव यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विषम सुरक्षात्मक कारणों से यह अवकाश निरस्त किया जा सकेगा। उपरोक्त परिस्थितियों में इकाई प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा। अवकाश निरस्त करने की अनुमति संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा ही दी जायेगी एवं उसकी जानकारी संबंधित पुलिस उप महानिरीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक रेंज को दी जायेगी।

# 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सरकारी दफ्तर दोपहर 2:30 बजे तक रहेंगे बंद, सीएम साय का ऐलान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सरकार कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को दोपहर 2:30 बजे तक की छुट्टी का ऐलान करने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इसकी घोषणा की है। 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मियों को भी आधे दिन की छुट्टी दी जा रही है। सीएम साय ने घोषणा की है कि 22 जनवरी को सभी सरकारी दफ्तर दो 2:30 बजे तक बंद रहेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम का गहरा नाता है। छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। भगवान राम अयोध्या में जन्मे, उनकी माता कौशल्या का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ। इस तरह भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। वनवास काल के 14 वर्षों में से 10 वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ के जंगलों में व्यतीत किए। वे छत्तीसगढ़ के जन-जन के मन में रचे-बसे हैं। साय ने कहा कि अयोध्या में हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा छत्तीसगढ़ हर्षित है। 22 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे तक राज्य में अवकाश रहेगा ताकि छत्तीसगढ़ के लोग रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आनंद ले सकें और उत्सव मना सकें।

## ठगी का धंधा-हम डाल-डाल, वो पात-पात

श्रीकंचनपथ न्यूज




ठग हर युग में हुए हैं। ठगी पर ही महाभारत हो गया था। कुख्यात ठगों के बारे में, उनके काम करने की शैली के बारे में लोगों को बता कर उन्हें जागरूक करने की कोशिश भी की जाती रही है। पर ठग हमेशा ठगे जाने वालों और उन्हें बचाने की कोशिश करने वालों से चार कदम आगे ही रहे हैं। घर पहुंच सेवा की आड़ में नया धंधा रोड साइड असिस्टेंस का है। यह सुविधा वाहन चालकों को वाहन कंपनियों की ओर से दी जाती है। कंपनी दावा करती है कि आपकी गाड़ी सड़क पर कहीं भी खराब हो तो एक फोन कॉल पर तत्काल आपके पास सहायता पहुंचा दी जाती है। आपकी गाड़ी को ऑन द स्पॉट ठीक करने से लेकर उसे 'टो' करके या क्रेन से उठाकर सर्विस स्टेशन पहुंचाया जाता है। मौजूदा दौर में सभी प्रकार की सेवाओं के लिए फोन कॉल का ही उपयोग किया जाता है। स्कूल-कॉलेज में दाखिले से लेकर चिकित्सा और बीमा तक के लिए फोन आते हैं। लोगों को भी अच्छा लगता है कि 'मोबाइल की कृपा से, सब काम हो रहा है'। देश में आज 120 करोड़ मोबाइल फोन यूजर हैं। इनमें से अधिकांश के पास स्मार्टफोन है। सिक्यूरिटी फीचर के नाम पर लोग महंगे से महंगा मोबाइल फोन खरीद रहे हैं। पर ठग इन सबको चकमा देने में सफल हो जाते हैं। उन्हें अपने शिकार के फोन के सिक्यूरिटी फीचर्स के बारे में सोचने की ज्यादा जरूरत नहीं है। वो तो अपने शिकार के दिमाग से खेलते हैं। ठग फोन करता है, नाम पता कन्फर्म करता है और फिर अपनी डील की जानकारी देता है। ठगों के प्रति आपको आगाह करते हुए आपका विश्वास जीतता है और फिर आप खुद ही अपनी पूरी जानकारी, तश्तरी पर सजाकर उसे परोस देते हैं। उसके बताए लिंक पर क्लिक करते हैं, उसके बताए गए नम्बर डायल करते हैं। तमाम सिक्यूरिटी फीचर्स धरे के धरे रह जाते हैं। लुट-पिटकर आप पुलिस के पास पहुंचते हैं तो अपने जैसों की लंबी कतारें देखते हैं। इनमें ज्यादातर पढ़े-लिखे, वेल सेटल्ड लोग ही होते हैं। दरअसल, सिक्यूरिटी फीचर्स हमारे यहां केवल प्रदर्शन का विषय है। तमाम डिजिटल सिक्यूरिटी फीचर्स का तोड़ वीडियो ट्यूटोरियल के रूप में यू-ट्यूब पर उपलब्ध है। फोन पर एक से शून्य, स्टार और हैश मिलाकर कुल बारह कुंजियों का उपयोग करके फोन की तमाम सिक्यूरिटी को कम्प्रोमाइज किया जा सकता है। आज मार्कशीट से लेकर जमीन के नक्शे तक लगभग सभी तरह की जानकारियां ऑनलाइन स्टोर्ड है। गाड़ी के नम्बर से ही घर का पता चुटकियों में लगाया जा सकता है। उसके लिए रिस्क उठाकर किसी का पीछा करने की जरूरत नहीं। ह्वाट्सअप ग्रुप से फोन नंबर हासिल किये जा सकते हैं। फोन नंबर और नाम का पता लगते ही ठगों के लिए एक रूमानी दुनिया के दरवाजे खुल जाते हैं। फोन तो स्मार्ट हो गए, यूजर कब स्मार्ट होगा।



## संपादकीय

### नफरत के खिलाफ

सुप्रीम कोर्ट ने नफरती भाषण पर सख्ती की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है, लेकिन इसी के साथ ही इसे रोकने के लिए अग्रिम सक्रियता की अपनी सीमा भी बता दी है। मामला तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह का है, जो अपने नफरती भाषणों के लिए काफी चर्चा में रहे हैं। इस महीने के पहले हफ्ते में उन्होंने महाराष्ट्र के शोलापुर में एक भाषण दिया था, जिसे कई तरह से नफरती भाषण की श्रेणी में रखा जा सकता है। वहां बाद में उनके खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जब वह महाराष्ट्र के यवतमाल और छत्तीसगढ़ के रायपुर में हिंदू जनजागृति समिति के साथ मिलकर रैली करने जा रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर करके यह मांग की गई कि इन दोनों रैलियों पर तत्काल रोक लगाई जाए, अन्यथा समाज में नफरत का विस्तार बढ़ेगा। इस याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ को राजा सिंह के पुराने भाषण के वीडियो भी दिखाए गए।

> अदालत का कहना है कि हम पहले से ही यह मानकर कोई कार्रवाई नहीं कर सकते कि रैली में नफरत फैलाने की कोशिश होगी ही। उसने इसमें यह बात भी जोड़ दी कि जिस व्यक्ति के खिलाफ याचिका लगाई जा रही है, उसे सुने बिना ही किसी नतीजे पर पहुंच जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ होगा। शीर्ष अदालत के इस रुख को एक और तरह से भी देखा जाना चाहिए।

इन वीडियो को देखने के बाद अदालत ने स्वीकार किया कि उनके भाषणों को सचमुच 'हेट स्पीच' की श्रेणी में रखा जा सकता है। उनकी अगली रैलियों में यह दोहराया न जाए, इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय ने स्थानीय अधिकारियों और पुलिस को निर्देश दिया है कि वे किसी भी तरह के नफरती भाषण को रोकें। अदालत ने उनको यह भी निर्देश दिया है कि रैली के स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे किसी भी तरह के नफरती भाषण या हिंसा के लिए उकसाने की कोशिश को रिकॉर्ड किया जा सके। मगर नफरती भाषण की आशंका से किसी रैली को रोकने से कोर्ट ने इनकार कर दिया है। अदालत का कहना है कि हम पहले से ही यह मानकर कोई कार्रवाई नहीं कर सकते कि रैली में नफरत फैलाने की कोशिश होगी ही। उसने इसमें यह बात भी जोड़ दी कि जिस व्यक्ति के खिलाफ याचिका लगाई जा रही है, उसे सुने बिना ही किसी नतीजे पर पहुंच जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ होगा। शीर्ष अदालत के इस रुख को एक और तरह से भी देखा जाना चाहिए। रैली आयोजित करना, किसी भी चीज पर विरोध प्रकट करना, यह सभी का लोकतांत्रिक, राजनीतिक अधिकार है, जो हमें हमारे संविधान से मिला हुआ है। अदालत इसमें बाधा नहीं बनना चाहती, लेकिन नफरती भाषणों को वह रोकना चाहती है, क्योंकि कानून की नजर में यह एक अपराध है। यह सच है कि नफरती भाषण, नफरती संदेश और इन सबके जरिये समाज को हिंसक बनाने की कोशिशें पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रही हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि हमारी सरकारों से लेकर स्थानीय पुलिस और प्रशासन तक सब इसे राजनीतिक नजर से देखते हैं। जो सत्ताधारी पार्टी में हैं, उनके नफरती बोल नजरअंदाज कर दिए जाते हैं और विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है। अगर हम तेलंगाना के इन विधायक का ही मामला लें, तो वह अपने प्रदेश में रैली करने के बजाय उन प्रदेशों में जाकर रैली कर रहे हैं, जहां उनकी पार्टी की सरकारें हैं। जाहिर है, जब तक राजनीतिक दलों और प्रशासन का यह नजरिया रहेगा, नफरत फैलाने की कोशिशों को रोकना कठिन बना रहेगा। नफरत फैलाने का सिलसिला भी अनवरत बढ़ता रहेगा। इसे रोकने का काम नफरत के खिलाफ राजनीतिक आम सहमति बनाकर ही किया जा सकता है। न्यायपालिका का सहयोग भी तभी अपना असर दिखा पाएगा।

## चुनावी मकसद से चर्चा?

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को एक पूरक पैमाना ही माना गया है। जबकि कैलोरी उपभोग की क्षमता एवं प्रति दिन खर्च क्षमता दुनिया में व्यापक रूप से मान्य कसौटियां हैं, जिन्हें अब भारत में सिरे से नजरअंदाज कर दिया गया है।

नीति आयोग ने कई महीने जारी अपनी रिपोर्ट को संभवतः फिर से चर्चा में लाने के लिए ताजा एक डिस्कसन पेपर तैयार किया है। इसे- मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005-06 (भारत में 2005-06 के बाद से बहुआयामी गरीबी) नाम से जारी किया गया है। इसमें पहले वाली रिपोर्ट के इस निष्कर्ष को दोहराया गया है कि 2013-14 से 2022-23 (यानी मोदी सरकार के कार्यकाल में) तक 24 करोड़ 82 लाख लोगों को बहुआयामी गरीबी के पैमाने पर गरीबी से बाहर लाया गया। डिस्कसन पेपर में नई बात सिर्फ यह दावा है कि जिस एल्कायर एंड फॉस्टर (एएफ) विधि से यह रिपोर्ट तैयार की गई, वह वैश्विक रूप से गरीबी मापने का स्वीकृत फॉर्मूला है। जबकि कुछ अर्थशास्त्री इस विधि में मौजूद खामियों के बारे में हो चुके शोध निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए उसके सटीक होने पर सवाल उठा चुके हैं। बहरहाल, डिस्कसन पेपर जारी होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्विट किया। उसमें उन्होंने कहा कि यह निष्कर्ष बहुत उत्साहवर्धक है, जो समावेशी विकास के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

इस तरह जब देश लोकसभा चुनाव के मोड में प्रवेश कर चुका है, एक पुरानी रिपोर्ट के जरिए सरकार की अच्छी छवि पेश करने वाली सुर्खियां पेश करने अवसर एक बार फिर मेनस्ट्रीम मीडिया को मिला है। इससे सरकार समर्थकों को कुछ टॉकिंग प्वाइंट्स मिलेंगे। उनके शोरगुल के बीच इस मुद्दे की बारीकी में जाने की कोशिशें ना के बराबर होंगी, क्योंकि गरीबी के विमर्श को सायास ढंग से आम चर्चा से बाहर कर दिया गया है। नतीजतन, जिससे विपक्ष भी कोई सार्थक बहस खड़ी करने में अक्षम दिखता है। वरना, विशेषज्ञ यह बात पहले ही चर्चा में ला चुके हैं कि बहुआयामी पैमाना इनपुट आधारित विधि है, जिसमें जो सेवाएं किसी स्थान पर उपलब्ध हैं (भले संबंधित व्यक्ति उसका उपभोग करने में अक्षम हो), उन्हें उसकी गरीबी मापने की कसौटी मान लिया जाता है। इसीलिए इसे एक पूरक पैमाना ही माना गया है। जबकि कैलोरी उपभोग की क्षमता एवं प्रति दिन खर्च क्षमता व्यापक रूप से मान्य कसौटियां हैं, जिन्हें अब भारत में सिरे से नजरअंदाज कर दिया गया है।

## मेरी आस्था के भगवन

**इतने** दिनों तक हिन्दू इस मलाल में रहे, मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।
**आती** रही बहारें, जाती रही बहारें,, कहीं मस्जिदों के गुंबद कहीं बनी मजारें, मेरे मर्यादा पुरुषोत्तम बरसों तिरपाल में रहे।। मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।
**प्रभु** का नाम लेकर जब मस्जिद ढ़हाई, कितने कार सेवकों ने अपनी जान गंवाई,, त्रेतायुगी कैसे कैसे विधर्मियों के जाल में रहे। मेरी आस्था के भगवान किस हाल में रहे।।
**कुछ** कलयुगी पिशाचों ने मुकदमा चलाया, शबरी के राम को फिर काल्पनिक बताया जो नेत्रहीन कपि श्री भद्राचार्य के बयान में रहे। मेरे आस्था के भगवान किस हाल में रहे।।
**घड़ी** आ गई खुशी की घर-घर खुशियां मनाओ, बाँटो लड्डू- मिठाई घर-घर दीप जलाओ,, ये 22 जनवरी सबके दिल में अब हर हाल में रहे। मेरी आस्था के भगवान किस हाल में रहे।।
**कितने** दिनों तक हिन्दू इस मलाल में रहे। मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।

**-डॉ. अरुण मिश्रा ''अकेला''**

> अब क्या ईरान चुप बैठ जाएगा? उसके शांत पड़ जाने से दुनिया भर में उसकी फजीहत होगी, जबकि उग्र होने से पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ना तय है। लग यही रहा है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद जिस तरह से हिंसक संघर्ष तेज हुए हैं, उसका दायरा अब और बढ़ने वाला है। वैसे भी, वह तनाव अब गाजा तक सीमित नहीं है।

# ईरान के खिलाफ पाकिस्तान के पलटवार से बढ़ा युद्ध का खतरा, भारत पर इसका कितना असर

सुशांत सरीन, सीनियर फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन



ईरान के हवाई हमले की जवाबी प्रतिक्रिया देकर पाकिस्तान ने इस पूरे क्षेत्र को ही तलवार की धार पर ला खड़ा किया है। दो दिन पहले जब तेहरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अपने ड्रोन भेजे और मिसाइल दागे थे, तब यही माना गया था कि फिलहाल तीन मोर्चों (भारत, इस्लामिक आतंकवाद और इमरान खान प्रकरण) पर उलझा इस्लामाबाद तनाव का एक और दरवाजा शायद ही खोलना चाहेगा। मगर घरेलू दबावों और पश्चिम व दक्षिण एशिया में अपनी राजनीतिक साख के मद्देनजर उसने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत पर जवाबी हमला किया, जिसके बाद गेंद फिर से तेहरान के पाले में आ गया है। ऐसे में, यह कहना बेहद कठिन हो गया है कि स्थितियां अब क्या करवट लेंगी?

ईरान के लिए दोतरफा मुश्किलें हैं। अगर वह अब चुप बैठता है, तो उस पर भी आंतरिक दबाव बढ़ जाएगा, और यदि उसने फिर से कोई जवाबी कार्रवाई की, तो इस पूरे क्षेत्र में जंग भड़कने की आशंका बढ़ जाएगी। दरअसल, तेहरान अपने ऊपर जन-दबाव महसूस कर रहा था। उस पर दहशतगर्दों के हमले लगातार हो रहे थे, खास तौर पर पाकिस्तान की सुन्नी तंजीमों द्वारा। तेहरान और इस्लामाबाद के बीच यह मुद्दा लगातार बना रहा है और ईरान ने इसे रोकने की वक्त-वक्त पर गुजारिश भी की, मगर पाकिस्तान ने कभी ध्यान दिया, तो कभी अनसुना कर दिया।

ईरान के सिस्तान-ओ-बलूचिस्तान प्रांत की एक खासियत यह है कि यह बलूच बहुल क्षेत्र है और ईरानियों से नस्लीय तौर पर अलग है, क्योंकि ईरान शिया बहुल मुल्क है, जबकि सिस्तान-बलूचिस्तान सुन्नी बहुल प्रांत। इनकी भाषा भी शेष ईरान से अलग है। पाकिस्तान का बलूचिस्तान इस मामले में जुदा है कि वहां शिया-सुन्नी का कोई मामला नहीं हैं, लेकिन वहां बलूच अलगाववाद का आंदोलन चल रहा है। चूंकि दिसंबर के बाद से ईरान पर आतंकी हमले तेज हो गए थे, नतीजतन उसने जवाबी हमले शुरू किए। इसके लिए उसने तीन निशाने चुने। पहला, सीरिया के इदलिब में आईएस के ठिकानों पर, जहां असद हुकूमत का दखल कमोबेश खत्म हो चुका है। दूसरा, इराक के इरबिल में। यहां भी इराकी हुकूमत का उतना प्रभाव नहीं है और यह कमोबेश एक स्वायत्त क्षेत्र बन चुका है। और तीसरा, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में। ईरान का गणित यह रहा होगा कि इन हमलों से उसे आंतरिक दबाव हटाने में मदद मिलेगी और चूंकि यहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं आएगी, तो उसके लिए मुश्किलें भी पैदा नहीं होंगी। मगर पाकिस्तान ने पलटवार कर दिया। ऐसा करना उसकी मजबूरी भी थी। परमाणु शक्ति-संपन्न यह देश खुद को एक बड़ी सामरिक ताकत मानता है, लेकिन उसकी हरकतों के कारण दूसरे देश उसकी सीमा में दखल देने को मजबूर रहे हैं। ताजा कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी फौज के लिए यह लाजिमी था कि वह अपनी संप्रभुता में ईरानी दखल का 'माकूल जवाब' दे और अपना चेहरा बचाए।

अब क्या ईरान चुप बैठ जाएगा? उसके शांत पड़ जाने से दुनिया भर में उसकी फजीहत होगी, जबकि उग्र होने से पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ना तय है। लग यही रहा है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद जिस तरह से हिंसक संघर्ष तेज हुए हैं, उसका दायरा अब और बढ़ने वाला है। वैसे भी, वह तनाव अब गाजा तक सीमित नहीं है। शेबा फार्म्स में भी लेबनानी गुट हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच झड़प हो रही है। यमन के हूती विद्रोहियों ने समुद्री व्यापार में सेंध लगानी शुरू कर दी है, जिसका विश्व अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में, ईरान-पाकिस्तान जंग के कयास अस्वाभाविक नहीं लगते। हालांकि, अभी न तो पाकिस्तान जंग में उतरना चाहता है और न ईरान, क्योंकि युद्ध के आर्थिक व सामरिक नुकसान से ये दोनों देश परिचित हैं। ऐसे में, चीन की जिम्मेदारी बढ़ गई है। चूंकि अमेरिका इस मामले में शायद ही दखल दे, इसलिए बीजिंग संभवतः दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर सकता है। हालांकि, यह कब और किस रूप में होगा, फिलहाल साफ-साफ नहीं कहा जा सकता। सवाल यह भी है कि क्या ईरान ने 'सेल्फ गोल' कर लिया है? बीते कुछ समय से उसके लिए हालात बेहतर होने लगे थे। तनावग्रस्त मध्य-पूर्व को संभालने में उसे एक बड़ी भूमिका मिलती हुईदिख रही थी। यहां तक कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी उससे अपने संबंध सुधारने लगे थे, जबकि पहले वे उससे खार खाए बैठे थे। मगर अनवरत होते आतंकी हमलों ने ईरान के लिए मुश्किलें पैदा कर दीं। पहले विश्व-व्यवस्था के कुछ नियम तय थे, जिनमें से एक यह भी था कि कोई राष्ट्र किसी दूसरे की सीमा में दखल नहीं देगा, और न ही किसी की संप्रभुता पर चोट करेगा। मगर पाकिस्तान जैसे कुछ देश आतंकी गुटों के सहारे परोक्ष रूप से ऐसा करने लगे और बाद में तो खुलेआम संप्रभुता का हनन होने लगा। ऐसे में, विश्व-व्यवस्था का वह पुराना रूप कैसे बहाल हो, इसका उपाय नहीं दिख रहा। अभी किसी बड़े देश के पास इतनी ताकत नहीं दिख रही कि वह विश्व-व्यवस्था को दुरुस्त कर सके।

इस सूरतेहाल में हम कहां खड़े हैं? एक लिहाज से भारत के लिए यह ठीक ही है कि पाकिस्तान एक अन्य मोर्चे पर व्यस्त हो जाए। इससे हमारी तरफहो रही उसकी हिमाकत कुछ रुक सकेगी। मगर यदि इस तनाव की आग तेज होती है और समुद्री मार्गों में गतिरोध पैदा होता है, तो हमारे लिए भी दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। हम ईरान के साथ पूरी तरह से नहीं जा सकते, क्योंकि ऐसा करना हमारे कई मित्र-राष्ट्रों को नागवार गुजर सकता है, लेकिन हम पाकिस्तान का भी समर्थन नहीं कर सकते, क्योंकि उसने हमेशा हमसे शत्रुता का भाव रखा है। स्पष्ट है, हमारे पास सीमित विकल्प हैं, इसलिए हमें अपने हितों को सर्वोपरि रखकर ही कदम बढ़ाना होगा। फिलहाल हम पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन खाड़ी देशों का तनाव हमारे यहां तेल जैसी जरूरी चीजों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है, साथ ही, समुद्री व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। लिहाजा, इस पूरे घटनाक्रम पर सतर्क निगाह रखते हुए वैकल्पिक उपायों पर भी गौर करना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भविष्य के लिए कितने तैयार हो रहे हमारे ग्रामीण युवा

रुक्मिणी बनर्जी, सीईओ, प्रथम

हरेक साल जनवरी महीने में 'असर रिपोर्ट' निकलती है। इस साल भी 17 जनवरी को यह जारी की गई। हालांकि, इस बार की रिपोर्ट कुछ अलग है। साल 2005 से 2014 तक इसने देश के सभी ग्रामीण जिलों में 30 'रैंडमली' चुने हुए गांवों के 20 परिवारों में जाकर छह से 14 आयु वर्ग के बच्चों के विद्यालयों में नामांकन की स्थिति और उनके बुनियादी पठन-पाठन व गणित हल करने की क्षमता को समझा और देश के सामने साझा किया। साल 2014 के बाद 2016, 2018 और 2022 में असर रिपोर्ट ने इसी तरह देश के बच्चों के बुनियादी कौशल पर रोशनी डाली है।

मगर इस साल की असर रिपोर्ट 14 से 18 साल के युवाओं पर ध्यान केंद्रित करती है। इस आयु-वर्ग को चुनने के कई कारण हैं- देश के कानून के मुताबिक, 14 साल तक के हरेक बच्चे का स्कूल जाना आवश्यक है। 18 साल से पहले कोई भी व्यक्ति औपचारिक क्षेत्र में पूर्णकालिक काम नहीं कर सकता। इन दोनों कानूनी लकीरों के बीच 10 करोड़ से ज्यादा आबादी है। आज के 18 साल के युवक या युवती को अगले 40-50 वर्षों में बहुत कुछ हासिल करना है। इनमें से हरेक अपने हिसाब से काम करेगा, कमाएगा, घर बसाएगा, परिजनों की देखभाल करेगा और अपने जीवन को आगे बढ़ाएगा। इस संदर्भ में यह समझना बहुत जरूरी है कि हमारे नौजवान अपने भविष्य के लिए किस हद तक तैयार हैं?

इस बार असर की पहुंच देश के हरेक राज्य के एक या दो ग्रामीण जिलों तक सीमित रही है, लेकिन इसमें 14 से 18 आयु-वर्ग को व्यापक नजरिये से देखने की कोशिश की गई है। मुख्यतः तीन सवाल पूछे गए: पहला, इस उम्र में लोग क्या करते हैं- पढ़ाई या रोजगार? किस किस्म की पढ़ाई या किस तरह का रोजगार? दूसरा, उनके बुनियादी कौशल



किस स्तर के हैं- पढ़ने और गणित हल करने में और दैनिक जीवन के जुड़े साधारण कार्यों को करने में क्या वे सक्षम हैं? तीसरा सवाल था- क्या स्मार्टफोन युवक-युवतियों को उपलब्ध हैं? स्मार्टफोन पर वे क्या-क्या कर सकते हैं?

देश के 28 जिलों के आंकड़े बताते हैं कि 14 से 18 आयु-वर्ग के नौजवान बड़े पैमाने पर स्कूल- कॉलेज में पढ़ रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, उनमें से आधे 10वीं या उससे निचली कक्षाओं में नामांकित हैं। एक चौथाई 10वीं से 12वीं के बीच हैं। बाकी सात प्रतिशत कॉलेज में नामांकित हैं और 13 फीसदी कहीं भी नहीं पढ़ रहे हैं। 34 प्रतिशत युवक-युवतियां महीने में 15 दिन से ज्यादा (घरेलू काम के अलावा) काम करते हैं। अक्सर यह काम परिवार के अन्य लोगों के साथ खेतों में करते हैं।

अगर हम इस आयु-वर्ग के नौजवानों के पढ़ने-लिखने की कुशलता को देखें, तो नजर आता है कि इन जिलों में एक चौथाई युवाओं को अपनी भाषा में सरल कहानी पढ़ने में दिक्कत होती है। साधारण गणित (जैसे भाग करने) हल करने में औसतन आधे युवक-युवतियों को मुश्किल होती है। अंग्रेजी में लगभग 60 प्रतिशत बच्चे आसान वाक्य पढ़कर उसे समझा सकते हैं। 2022 की रिपोर्ट में भी यही स्थिति थी। इस बार 14 से 18 साल के युवक-युवतियों को दैनिक जीवन से जुड़े कुछ अन्य कार्य भी दिए गए थे, जैसे ओआरएस पैकेज के निर्देश को पढ़कर घोल बनाना, दुकान से छूट (डिस्काउंट) में सामान खरीदना, बैंक से लिए गए लोन का हिसाब करना आदि। जाहिर है, इन कार्यों को करने में भी बुनियादी कुशलता की बड़ी भूमिका है। गौर करने वाली बात यह है कि लड़कियों की तुलना में लड़के ज्यादा इन कार्यों को करते पाए गए।

सबसे दिलचस्प डाटा स्मार्टफोन के इस्तेमाल से जुड़ा है। 90 प्रतिशत युवक-युवतियों के घर में स्मार्टफोन है और उससे भी अधिक युवक-युवतियां इनका इस्तेमाल करना जानते हैं। मगर फोन का सबसे ज्यादा उपयोग मनोरंजन के लिए होता है। पढ़ाई के लिए 50 फीसदी युवक-युवतियां फोन का उपयोग करते हैं। पर इस उम्र के बच्चे ऑनलाइन सेवाओं (जैसे ऑनलाइन बिल भरना, फॉर्म भरना, टिकट खरीदना) तक कम ही पहुंचते हैं। ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में उन्हें कम जानकारी है। वे ब्राउज करना तो जानते हैं, पर गूगल मैप का सही इस्तेमाल करने में उतने सक्षम नहीं हैं।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# पाक सियासत में हिंदू नारी से आशाएं

अरुण नैथानी

यूं तो अक्सर पाकिस्तान से हिंदू अल्पसंख्यक लड़कियों के अपहरण और धर्म परिवर्तन की ही खबरें आती हैं। लेकिन पिछले दिनों एक अच्छी खबर आई कि पहली बार किसी अल्पसंख्यक हिंदू बेटी को उत्तर पूर्वी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की एक सीट से चुनाव लड़ने का मौका मिला है। सामान्य सीट से लड़ने वाली सवीरा पाक की पहली हिंदू महिला हैं। एक महिला का चुनाव लड़ना इस पिछड़े इलाके में अचरज जैसा है। ऐसा इलाका जहां महिलाएं कपड़ों से लिपटी ही पुरुषों के साथ घर से बाहर निकल सकती हैं। इतना ही नहीं, कई महिलाओं को वोट डालने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे इलाके में सवीरा घर-घर जाकर वोट के लिये संपर्क साध रही हैं। दरअसल, सवीरा को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बूनेर सीट से टिकट दिया है। आज गुमनाम बेनूर-सा बूनेर पूरे पाकिस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दरअसल, कुछ समय पूर्व तक बूनेर का इलाका पाक सेना व सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई से चर्चा में आया था। दरअसल, इस सदी के पहले दशक में चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने स्वात घाटी पर कब्जा कर लिया था। कालांतर तालिबान ने अपनी सीमा का विस्तार बूनेर तक कर लिया था। कई जगह कब्जा करके अपनी पोस्ट बना ली थी। जिसे खाली कराने के लिये सेना ने बूनेर में ऑपरेशन ब्लैक थंडरस्टॉर्म चलाया था। जो मीडिया की सुर्खियां बना था। लेकिन अब यह छोटा शहर सवीरा प्रकाश की ख्याति से चर्चाओं में है।

वास्तव में स्वात घाटी के निकट स्थित बूनेर पश्तून बहुल इलाका है। पाकिस्तान की राजधानी से करीब सौ किलोमीटर दूर स्थित बूनेर कभी स्वात रियासत का हिस्सा था। सवीरा अब खुद को भी पख्तून संस्कृति का हिस्सा मानती है। जिसकी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराएं और रिवाज हैं। वह कहती है कि यह एक समावेशी समाज है जिसके चलते उनके परिवार को कभी किसी तरह के भेदभाव का शिकार नहीं होना पड़ा। जहां तक राजनीति में आने का सवाल है तो उन्हें घर में राजनीतिक रूप से जागरूकता का वातावरण मिला है। उनके पिता इलाके में एक चिकित्सक व समाजसेवी के रूप में पहचान रखते हैं। पिता सामाजिक कार्यों में तो संलग्न रहे ही हैं, साथ ही सक्रिय राजनीति में भी रहे हैं। वे पिछले तीन दशक से पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।



यूं तो सवीरा पेशे से एक डॉक्टर हैं और सरकारी अस्पताल में सेवाएं दे रही हैं। लेकिन यह इलाका सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि इस पिछड़े और आधी दुनिया के अंधेरे वाले समाज में वह सिर्फ चिकित्सक की भूमिका से सामाजिक बदलाव नहीं ला सकती है। वह कहती है कि इस इलाके के सामाजिक उत्थान के मकसद से वह राजनीति में आ रही है। उनका मानना है कि जब उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई शुरू की तो मकसद समाज के वंचित व कमजोर वर्गों के हितों का ही ध्यान था। राजनीति में आने का मकसद भी मानवीय सरोकार ही हैं। वह कहती हैं कि मुझे लगता था कि एक डॉक्टर की भूमिका में मैं वह बदलाव नहीं कर सकती, जो व्यापक सामाजिक बदलावों का वाहक बन सके। वह चाहती है कि इन लक्ष्यों के लिये हमें अपने सिस्टम में सुधार लाने की जरूरत है, जो राजनीतिक ताकत के जरिये ही हासिल किया जा सकता है।

दरअसल, सवीरा का भरोसा है कि क्षेत्र का प्रतिनिधि बनकर वह आधी दुनिया के वाजिब हकों को दिलाने में सक्षम होगी। वह क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का वे समाधान करना चाहती हैं। दरअसल, इस पिछड़े इलाके में लड़कियों के आगे बढ़ने के मौके बहुत कम हैं। पहले तो उन्हें पढ़ने का अवसर ही नहीं मिलता। एक तो आर्थिक कमजोरी और दूसरा मानसिक गरीबी कि लड़की घर से बाहर न निकले। सवीरा इस लीक को तोड़ना चाहती है। सवीरा चाहती हैं कि लड़के-लड़कियां मदरसों से बाहर निकलकर आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर सकें। ताकि मां-बाप लड़कियों को घरों में काम करने के लिये भेजने के बजाय स्कूल भेजें।

वैसे सवीरा की आगे की राह आसान भी नहीं है। वह लोगों से वोट मांगने नुक्कड़ सभाओं और बैठकों में जाती है तो असहज हो जाती है। दरअसल, इस पिछड़े इलाके में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी नगण्य ही है। हालांकि कई सभाओं में वह अकेली महिला होने पर अजीब अनुभव करती है। लेकिन स्थानीय लोग इस परिवार के समाज के लिये योगदान के चलते सकारात्मक प्रतिसाद दे रहे हैं। राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से इतर लोग उन्हें समर्थन देने की बात कर रहे हैं। उनके पिता का रसूख भी उनके काम आ रहा है। जिससे उनका मनोबल बढ़ा भी है। वह कहती है कि हम इसी मिट्टी में पले-बढ़े हैं। हमारे पूर्वजों ने विभाजन के बाद भारत जाने के बजाय इस धरती में रहना चुना। यहां समावेशी समाज ने हमें स्वीकार किया। वही लोग मेरे चुनाव लड़ने से खासे उत्साहित हैं।

बहरहाल, अब सवीरा चुनाव को लेकर उत्साहित हैं। जैसे-जैसे मतदान वाला महीना फरवरी करीब आ रहा है, सवीरा का विश्वास बढ़ रहा है। पहले चुनाव लड़ने को लेकर मन में कई तरह की आशंकाएं थीं। कई तरह के भय थे। लेकिन नामांकन कराने के बाद उसका डर कम हुआ है। उनके पिता सामाजिक जीवन और पीपुल्स पार्टी में तीन दशक से सक्रिय हैं। अन्य दलों के लोग भी पिता के कान में कह जाते हैं, चिंता मत करो बिटिया को वोट देंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी। जारी आदेश के अनुसार सुब्रह साहू अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व न्यास अतिरिक्त प्रभार को महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के महानिदेशक का अरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रेणु जी पिल्ले अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग को महानिदेशक छत्तीसगढ़ प्रशासन एकादमी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। साथ ही जनक प्रसाद पाठक प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के पद पर पदस्थ करते हुए पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं महेंद्र सिंह सवन्नी को प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड के पद पर पदस्थ किया गया है।

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र निपानी का निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र निपानी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से किसानों को धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से हो सके इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्र में कुल धान की खरीदी तथा खरीदे गए धान का राईस मिलर्स द्वारा समय पर उठाव आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को समय पर धान का उठाव नही करने वाले राईस मिलर्स के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए छांव, कुर्सी एवं शुद्ध पेयजल आदि की सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

### जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी

**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिला दंतेवाड़ा दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य विगत 01 नवम्बर 2023 से नियमित रूप से जारी है। वर्तमान खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु जिले में 15510 किसानों का पंजीयन किया गया है, जो कि अभी तक सर्वाधिक है । जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 15 धान खरीदी केन्द्र स्थापित किए गए हैं।
जिनमें कृषकों की सुविधा को ध्यान रखते हुए राज्य शासन द्वारा 02 नये धान खरीदी केन्द्र अरनपुर (विकासखण्ड-कुआकोण्डा) एवं बड़ेगोडरे (विकासखण्ड-दन्तेवाड़ा) को शामिल किया गया है। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा बारदानों की भी पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की गई है। अभी जिले में 15510 कृषकों में से 38 प्रतिशत (5852) कृषकों ने अपने धान बिक्री किये हैं। साथ ही शेष बचे कृषकों को धान बिक्री करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कृषकों की सुविधा हेतु बनाये गये दो नवीन धान खरीदी केंद्र में से बड़ेगोड़रे में पंजीकृत 560 कृषकों में से 233 कृषकों ने 743 क्विंटल तथा अरनपुर में पंजीकृत 224 कृषकों में से 108 कृषकों ने 516 क्विंटल धान बिक्री किया गया है।

# पीएम मोदी की गारंटी के अनुरूप वायदे किए जा रहे पूरे : विष्णु देव साय

श्रीकचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुसुमघटा में आयोजित किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहुंचने पर क्षेत्रवासियों, ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने भगवान राम के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय को तुलसी माला, शस्त्र और शास्त्र भेंट, अभिनंदन किया गया।




मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, बिसराम यादव, पवन साय, अजय जामवाल, चंद्रशेखर वर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री पद का दायित्व सम्हालने के बाद पहली बार कवर्धा आगमन हुआ है। इस अवसर पर आप सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गारंटी के अनुरूप आप लोगों ने हम पर जो विश्वास किया है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि मोदी के गारंटी में जो वायदे किए गए हैं उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन हुए एक महीना ही हुआ है और इतने कम समय में मोदी जी के गांरटी को पूरा करने की ओर कदम बढ़ा चुके है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर 02 वर्ष की धान की बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में अंतरित की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के शिक्षित युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि जल्द ही किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए बजट में प्रावधान कर लिया गया है। प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए की राशि माताओं के खाते में डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रूपए में की जाएगी, इसके लिए 4000 रूपए बोनस का भी प्रावधान है। कार्डधारियों को 500 रूपए में सिलेंडर दिया जाएगा। भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वायदों को मोदी जी की गारंटी में पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहावत को चरितार्थ करना है। आज 18 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश किए है। इसके लिए आप सभी को बधाई। आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है, भगवान श्री राम का ननिहाल वाला प्रदेश है। इसलिए हमको और अधिक खुशी के साथ उत्सव के रूप में मनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश राममय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को दीवाली के तर्ज पर सभी अपने घरों में दिया जलाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवहान पर मंदिरों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई करना है। किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में सभी समाज प्रमुखों का भी आत्मीय स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी समाज प्रमुखों कों रामचरित मानस और तुलसी के माला से स्वागत किया।

मातृत्व सुरक्षा को सुनिश्चित कर रही प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना

# जिले की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पीएम मातृ वंदन योजना से 5 मिल रही हजार रूपये की राशि

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ''प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना'' को वंदन, इसके सहारे मैं अपनी बच्ची के स्वास्थ्य का अच्छी तरह ख्याल रख पाई, योजना की सफलता श्रीमती ईश्वरी साहू की गोद में किलकारियां भरती नन्हीं सी परी ''प्रियंका'' के चेहरे पर साफ दिखाई देती है। अभनपुर के डोंगीतराई गाँव की ईश्वरी साहू जिले में ''प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना'' के हजारों हितग्राहियों में से एक हैं, इस योजना के जरिए सरकार की कोशिश गर्भवस्था और बच्चे के पैदा होने के तुरंत बाद महिला को आराम करने के लिए पर्याप्त समय और अवसर मिले, इसके लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराना है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अंतर्गत लगे शिविर में श्रीमती साहू ने ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' कार्यक्रम के तहत शिविर में मौजूद जनसमूह को केंद्र सरकार की योजना से मिल रहे लाभ के बारे में बताया और यह उम्मीद जताई की आने वाले समय में भी शासन द्वारा महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन होता रहेगा।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री इंद्रकुमार साहू ने भी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का निवेदन किया। उल्लेखनीय है की विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य सन 2047 तक शासन की योजनाओं को 100 प्रतिशत हितग्राहियों तक पहुँचाना है।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत 1 जनवरी, 2017 को देश भर में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को लाभ पहुँचाने हेतु की गई थी। केंद्र सरकार की इस योजना का संचालन महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सीधे उनके बैंक खाते में नकद लाभ प्रदान किया जाता है जिससे की वो अपनी तथा अपने शिशु की बढ़ी हुई पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर सके और इस अवस्था के कारण गर्भवती और धात्री महिलाओं को हो रही वेतन हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति की जा सके।

इस योजना के तहत हितग्राही महिला को तीन किश्तों में उसके बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जाता है, प्रथम किश्त की राशि पंजीकरण के बाद एक हजार द्वितीय किश्त गर्भधारण के 6 माह पश्चात- दो हजार और तृतीय किश्त बच्चे के जन्म का पंजीकरण एवं उसके टीकाकरण के पश्चात- दो हजार इस प्रकार तीन किश्तों में पांच हजार रुपए दिये जाते हैं।

रायपुर जिले में गुरुवार को अभनपुर विकासखंड के डोंगीतराई ग्राम के अलावा ग्राम चिपरीडीह, घोंट और परसदा, आरंग विकासखंड के ग्राम अमोदी, केशला, धौराभाठा और कुटेला, धरसींवा विकासखंड के ग्राम मनोहरा, मौहागांव, कुथरैल और कुकेरा तथा तिल्दा विकासखंड के ग्राम बोईरझीटी, मानपुर, कनकी और पाड़ाभाट में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आधार लिंक एवं अपग्रेडेशन इत्यादि के लिए हर रोज असंख्य आवेदन प्राप्त हो रहे हैं और आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है. शिविर में आकर्षक वीडियो के माध्यम से भी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में लगे नि:शुल्क स्वास्थ्य केंद्र में लोग स्वास्थ्य जांच करवा रहे हैं और निशुल्क दवाएं भी प्राप्त कर रहे हैं।

# चेम्बर के 64वें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री साय



श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री विष्णदेव साय जी को चेम्बर द्वारा दिनांक 27 जनवरी 2024 को को पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम, रायपुर में होने वाले चेम्बर के 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) में मुख्य अतिथि हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को आमंत्रित किया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए चेम्बर के 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) में मुख्य अतिथि हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सिंघी, चेयरमैन, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार करेंगे।

# आदिवासियों का इतिहास गौरवशाली - अरुण साव

## मोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा कीमोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा कीमोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा कीउप मुख्यमंत्री स्मृति दिवस एवं आदिवासी सम्मेलन में हुए शामिलमोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा कीउप मुख्यमंत्री स्मृति दिवस एवं आदिवासी सम्मेलन में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड के मोहबंधा में अमर शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति दिवस एवं आदिवासी सम्मेलन में शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने आदिवासी समाज का गमछा तथा पुष्पाहार से उनका भव्य स्वागत किया। श्री साव ने शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




उन्होंने मोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह देश के वीर सपूत थे। उन्होंने देश और समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। शहीद वीर नारायण के जीवन से प्रेरणा लेकर आप सभी अपने जीवन में आगे बढ़े।

श्री साव ने कहा कि आदिवासियों का इतिहास गौरवशाली रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी समाज के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत शिविर भी लगाए जा रहे हैं। लोरमी के पूर्व विधायक तोखन साहू और जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती शीलू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान

पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है

रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं का होगा तेजी से विस्तार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम और डीआरएम रायपुर ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम आलोक कुमार और मंडल रेल प्रबंधक रायपुर संजीव कुमार ने पहुना में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में प्रगतिरत रेलवे परियोजनाओं की कार्यप्रगति के संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में वर्तमान में जारी रेल परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वस्त किया है कि छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओ का तेजी से विकास और विस्तार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में जितनी भी रेल परियोजनाएं चल रही हैं, वो भी प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद और बसवराजू एस उपस्थित थे।

### राज्य में अब तक 118.81 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदीः किसानों को 25,678 करोड़ रुपए का भुगतान

कस्टम मीलिंग के लिए 76 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 118.81 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 25678 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 130 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 21 लाख 91 हजार 935 किसानों से 118 लाख 81 हजार 335 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 25 हजार 678 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 94 लाख 77 हजार 669 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 76 लाख 206 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# सेना के शौर्य से युवाओं को मिलती है देश की रक्षा के लिए प्रेरणाः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## छत्तीसगढ़ के युवाओं की अग्निवीर योजना में भागीदारी बढ़ाने संभाग स्तरीय कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश की सुरक्षा में लगे जवानों का शौर्य युवा शक्ति को सेना में जाने के लिए प्रेरित करती है। किसी भी देश की रक्षा का दारोमदार युवा शक्ति के हाथों में होती है, इसे देखते हुए हमने छत्तीसगढ़ के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में अग्निवीर के रूप में सेना में सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है। मुझे विश्वास है कि युवाओं के लिए यह कार्यशाला उपयोगी होगी। सेना में उनकी सहभागिता बढ़ेगी। साथ ही राज्य के युवा अग्निवीर योजना से जुडेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा स्थानीय शहीद स्मारक भवन में अग्निवीर की भर्ती के संबंध में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।





उप मुख्यमंत्री शर्मा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को याद करते हुए कहा कि सरकारें आती हैं, जाती हैं, सरकारें आती, जाती रहेंगी, किंतु लोकतंत्र सदैव अमर रहता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए शांति और सुरक्षा आवश्यक है। हमारी सेनाएं यह कार्य बखूबी से कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं किसी अन्य देश की सीमाओं से ज्यादा विविधता और चुनौती भरा है। सेना में जाकर युवा ही इस चुनौती को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में भी देश की सीमाओं की रक्षा करने का भाव है आप सभी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने तैयार है। इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सेनाओं को हमें भरपूर सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी वे ट्रेन में सफर करते हैं और उनके सामने कोई जवान आता है, तो सबसे पहले मैं अपने स्थान से खड़े होकर उस जवान के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करता हूं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि इसी प्रकार का सम्मान का भाव सेना के जवानों के प्रति व्यक्त करें। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से छत्तीसगढ़ राज्य से अधिक से अधिक युवाओं का चयन अग्नि वीर भर्ती के लिए हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अग्निवीर भर्ती परीक्षा हेतु सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन, वेबसाइट की जानकारी, लिखित परीक्षा, भर्ती रैली एवं चिकित्सा परीक्षण सहित अन्य आवश्यक निर्देशों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से युवाओं तक पहुंचाई जाए। जिस राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके। उन्होंने अग्निवीर योजना में ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए चॉइस सेंटर के संचालकों को भी ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए।

रोजगार और प्रशिक्षण विभाग की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि भारतीय सैन्य बलों में छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक युवा सम्मिलित हो, इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीनस्थ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि अपने कार्य क्षेत्र में सेना भर्ती की जानकारी युवओं को देते हुए ऑनलाईन पोर्टल में पंजीयन कराएं। सभी संभागों में अग्नि वीर भर्ती हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में भारतीय वायु सेना भोपाल से विंग कमान्डर पारस अग्रवाल एवं भारतीय थल सेना रायपुर से मेजर पीके माथुर द्वारा अग्निवीर भर्ती के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। रोजगार विभाग जिला रायपुर के उप संचालक एओ लॉरी ने भारतीय वायु सेना के अग्निवीर भर्ती के लिए 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक एवं भारतीय थल सेना के अग्निवीर भर्ती के लिए 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक होने वाले ऑनलाईन पंजीयन, भर्ती के लिए आवश्यक मापदण्ड एवं तैयारियों आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में प्रदेश के सभी जिलों के जिला रोजगार अधिकारी, रायपुर संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, अधीक्षक, महाविद्यालयों के प्राचार्य, हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य, पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित शिक्षण संस्थाओं के छात्र उपस्थित थे।

### देर रात पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

## 'गाथा श्री राम मंदिर की' कार्यक्रम के आयोजन का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा 20 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'गाथा श्री राम मंदिर की' की उत्साहपूर्वक तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्री राम की गाथा तो हर कोई जानता है। मगर भव्य मंदिर बनाए जाने को लेकर पिछले 500 वर्षों के संघर्ष की जानकारी बेहद कम लोगों को है। ऐसे में छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनता को भव्य श्री राम मंदिर की महागाथा से परिचित कराने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है।


इसी के तहत धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देर रात कार्यक्रम स्थल पुलिस परेड ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी, पुलिस, प्रशासन, नगर निगम, पर्यटन, संस्कृति, धर्मस्व विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए।



इसके अलावा मंत्री अग्रवाल वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर भी गए और वहां पर की जा रही तैयारी का भी जायजा लिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि, पूरे देश और दुनिया में प्रभु श्री राम के आने की प्रतीक्षा हो रही है और श्री राम का ननिहाल खासतौर पर प्रभु के आगमन को लेकर उत्साहित है और इसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं और आयोजनों पर नजर रखने के लिए श्री अग्रवाल तैयारियों का जायज़ा लेने पुलिस परेड ग्राउंड और श्री राम मंदिर पहुंचे।

बता दें कि इस गाथा में श्रीराम से चल कर लवकुश से शुरू होकर अयोध्या पर हुए हमलों और अयोध्या के रक्षकों की चर्चा होती है जिसमें हर उस महत्वपूर्ण व्यक्ति का उल्लेख है, जो अयोध्या और श्रीराम मंदिर से सम्बद्ध है। साथ ही राजा विक्रमादित्य और माँ अहिल्याबाई होल्कर द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार, बैरागी साधुओं के संघर्ष, गर्भगृह से रामलला का निकाला जाना, गर्भगृह में रामलला का प्रकट होना, कार सेवा, कोठारी बन्धुओं के बलिदान, राजनीतिक उथल-पुथल और वर्तमान निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता, दिव्यता और उसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के संकल्प का चित्रण किया जाएगा।

## 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम को बेहतर बनाएंः नरेन्द्र दुग्गा



आश्रम-छात्रावासों की सुविधाएं दुरूस्त करने अधिकारियों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आज कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यभार संभालते ही वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिलों में पदस्थ सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को कामकाज में तेजी और कसावट लाने के निर्देश दिए।

सचिव दुग्गा ने कहा कि छात्रावास-आश्रमों में सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। छात्रावास-आश्रमों में शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत होना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम करें। परीक्षा परिणाम संतोषजनक ना होने पर संबंधित सहायक आयुक्त पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने छात्रावास-आश्रमों में पदस्थ प्राचार्यों, शिक्षकों एवं अधीक्षकों को बच्चों की पढ़ाई-खिलाई को प्राथमिकता में लेने के निर्देश दिए। श्री दुग्गा ने छात्रावास-आश्रमों में साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन एवं पढ़ाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

सचिव दुग्गा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा कि प्रयास एवं एकलव्य विद्यालयों के बच्चों का आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी, इंजीनियरिंग, एमबीबीएस आदि परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम और भी बेहतर हो, इस दिशा में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए। बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हें बेहतर कॅरियर चुनने हेतु काउंसलिग की व्यवस्था कराई जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री दुग्गा ने देवगुड़ी सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी ली और सभी अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संत कबीर के संदेश युगों-युगों तक रहेंगे प्रासंगिकः मंत्री टंकराम वर्मा

- **बलौदाबाजार में कबीर पंथ समाज ने किया राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** संत कबीर के संदेश युगों-युगों तक समाज को नई दिशा और मार्गदर्शन देते रहेंगे। समाज को जागरूक करने में और सामाजिक बुराईयों को दूर करने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राजस्व मंत्री वर्मा कबीर समाज द्वारा बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कबीर समाज के पदाधिकारियों ने राजस्व मंत्री का परंपरागत रूप से अभिनंदन किया।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संत फक्कड़ होते थे, वे अपना जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर देते थे। कबीर दास उनमें से एक ऐसे ही संत थे। उनकी रचनाओं में जीवन का यथार्थ दर्शन छिपा होता था। उन्होंने सामाजिक वातावरण में फैली बुराईयों पर कड़ा प्रहार कर समाज को जागरूक किया। उनके संदेश युगों युगों तक प्रासंगिक रहेंगे। हमें उनके संदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर राजस्व मंत्री वर्मा संत कबीर साहेब की आरती में शामिल हुए और आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेश सुमन वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार-भाटापारा के सभी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# फ्रांस की पर्यटक को भाया छत्तीसगढ़

## मां को लेकर दोबारा घूमने पहुंची पर्यटकों ने की टाटामारी की सैर



### देश-विदेश के एक लाख से अधिक पर्यटकों ने की टाटामारी की सैर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कोण्डागांव जिले का टाटामारी तेजी से टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में उभरा है। यहां की प्राकृतिक सुन्दरता का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंच रहे हैं। साल भर के भीतर देश–विदेश के एक लाख से अधिक पर्यटकों ने टाटामारी की सैर कर ली है। फ्रांस की एक पर्यटक को तो टाटामारी इतना अच्छा लगा कि वे दोबारा अपनी मां को लेकर सैर के लिए टाटामारी पहुंचीं।





कोण्डागांव अपने आप में ढेरों प्राकृतिक संसाधनों के साथ अमूल्य सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कलाओं को समेटे हुए है। यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्यता अपने आप में विलक्षण है। इन सभी संसाधनों से पूर्व में पूरा विश्व अनभिज्ञ था। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया गया है। इस सर्किट के बन जाने से जिले में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां एक वर्ष में टाटामारी में देश–विदेश के 01 लाख से अधिक लोगों ने टाटामारी के विहंगम दृश्यों का आनंद लिया है।

फ्रांस से आयी पर्यटक क्लेयर ने बताया कि उन्होंने दो बार टाटामारी और कोण्डागांव का भ्रमण किया है। पहली बार जब अपने दोस्तों के साथ आयी तो उन्हें यहां की प्राकृतिक खुबसूरती इतनी अच्छी लगी की जब अपनी मां को भी इसके संबंध में बताया तो वे भी मेरे साथ कोण्डागांव का भ्रमण करने आयी थी। फ्रांस के ही अल्बाने एवं गेल ने बताया कि वे इससे पहले कई स्थानों पर गये हैं परंतु कोण्डागांव में आदिम परम्परा और यहां के लोगों की सादगी उन्हें बहुत पसंद आयी। आदिवासी लोगों से मिलकर एवं उनकी दिनचर्या को पास से देखने का मौका मिला जिससे उन्हें बहुत खुशी मिली। फिनलेंड के थॉमस, निकोडेम, टोपीयाज ने कहा कि कोण्डागांव में स्थानीय युवाओं द्वारा हमें ट्रेकिंग करते हुए जलप्रपातों, वनस्पतियों को देखना एवं प्रकृति के बीच प्राकृतिक माहौल में मांझिनगढ़ के ऊपर कैम्पिंग करने का अनुभव अपने आप में अनूठा था। उन्हें यहां आकर बहुत खुशी महसूस हुई।



युवाओं के बीच सिविल सेवाओं की तैयारी हेतु प्रसिद्ध असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कांउसलर डॉ. विजेन्द्र सिंह चौहान हाल ही में बस्तर के प्रवास पर थे। उन्होंने अपने प्रवास की शुरूआत कोण्डागांव जिले के टाटामारी पर्यटन स्थल से की। जैसे ही वे टाटामारी पहुंचे टाटामारी के प्राकृतिक सौदर्य एवं विहंगम दृश्य को देखकर मंत्र मुग्ध हो गये और वे अपने आप को वहां के प्राकृतिक सौदंर्य का वीडियो बनाने से नहीं रोक पाये और एक ट्रेवल ब्लॉगर की तरह अपने सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से यहां की सुंदरता को वर्णित करते हुए कहा कि अक्सर बस्तर को अशांति से जोड़ा जाता है पर टाटामारी को देखकर आप इसकी तुलना केवल स्वर्ग से कर सकते हैं। जगदलपुर से कोण्डागांव घुमने आये 36 सदस्यी दल के महेश ने बताया कि उनके कार्यालय वर्म फाईनेंश के सभी लोगों ने जब कोण्डागांव में घूमने का सोचा तो उन्हें इसकी खूबसूरती का अंदाजा नहीं था। यहां सभी ने ट्रेकिंग के साथ मांझिनगढ़ के दृश्यों का आनंद लिया। जो अभूतपूर्व था।



इसी प्रकार नये साल के उत्सव में लिमदरहा में कैम्पिंग कर लोगों ने चंद्रमा एवं तारों को टेलीस्कोप की सहायता से देखा। विगत एक वर्ष में टाटामारी जहां अकेले 01 लाख से अधिक पर्यटक आये वहीं कुंएमारी जलप्रपात को देखने 97 हजार, होनहेड़ जलप्रपात में 72 हजार पर्यटक देखने को जिससे स्थानीय लोगों को भी आजीविका का नया साधन प्राप्त हुआ है। कोण्डागांव को शिल्प नगरी के रूप में जाना जाता है। इसे पर्यटन क्षेत्र में पहचान दिलाने के लिए समय समय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोण्डागांव हस्तशिल्प महोत्सव, जल जगंल यात्रा, कोण्डागांव एडवेंचर फेस्टिवल, फायर फ्लाई ट्रेल, हेरिटेज वॉक, स्टार गेजिंग फेस्टिवल, भंगाराम यात्रा, मांझिनगढ़ वन महोत्सव, फ्रिडम ट्रेक आदि आयोजन कराया जा चुका है।

### क्या है मावा कोंडानार सर्किट

कोण्डागांव जिले में पर्यटन की क्षमता के विकास के द्वारा स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान करने के लिए उन्हें पर्यटकों के लिए टूर गाईड, हॉस्पिटालिटी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्थानीय महिला समूहों को पर्यटन क्षेत्रों के निकट जलपान व्यवस्था द्वारा रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सर्किट में घुमाने हेतु स्थानीय युवाओं के पर्यटन समूहों द्वारा दो दिन तक का पैकेज तैयार किया गया है। जिसमें टाटामारी में विश्राम, नाइट कैम्पिंग, स्टॉर गेजिंग, स्टोरी टेलिंग, बोन फायर, हर्बल टी, पारम्परिक आदिवासी भोजन, सुर्योदय का विहंगम दृश्य, मांझिनगढ़ में आदिम काल के शैल चित्र सूर्यास्त का विहंगम दृश्य के अतिरिक्त कुएंमारी, लिंगोदरहा, ऊपरबेदी एवं होनहेड़ जैसे सुंदर जलप्रपातों का भ्रमण कराया जाता है। इस सर्किट के माध्यम से यहां के स्थानीय 40 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं 200 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।



12वीं फेल की अभिनेत्री

## मेधा शंकर हैं शाहरुख खान की बड़ी प्रशंसक, बताई अपनी पसंदीदा फिल्में

अभिनेत्री मेधा शंकर इस समय बॉलीवुड की असीम ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्हें पिछली बार विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 12वीं फेल फिल्म में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। 12वीं फेल फिल्म की अपार सफलता के बाद मेधा की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है, लेकिन क्या आप जानते हैं मेधा बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं? इस बात का खुलासा अभिनेत्री ने खुद किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मेधा ने कहा, मैं शाहरुख सर की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने उनकी सारी फिल्में देखी हैं। कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम और कल हो ना हो मेरी पसंदीदा फिल्मों में शामिल हैं। मैं अक्सर उनकी बातें सुनकर मंत्रमुग्ध हो जाती हूं। उन्होंने आगे कहा कि शाहरुख एक अच्छे अभिनेता होने के साथ बहुत बेहतरीन व्यक्ति भी हैं। इसलिए ही लोग उनसे इतना प्यार करते हैं।

मेधा ने वेब सीरीज बीचम हाउस के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जो 2019 में रिलीज हुई थी। इसके बाद मेधा ने बॉलीवुड का रुख किया और वह 2021 में आई कीर्ति कुल्हारी की फिल्म शादीस्तान में नजर आईं। हालांकि, उन्हें दर्शकों के बीच पहचान 12वीं फेल से मिली है। मेधा 2021 में रिलीज हुई वेब सीरीज दिल बेकरार में भी नजर आ चुकी हैं।

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज, जम गई शाहिद कपूर-कृति सैनन की जोड़ी

शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म ब्लडी डैडी में देखा गया था। फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई। अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म तेरी बातों में ऐसे उलझा जिया के साथ दर्शकों के बीच हाजिर होने वाले हैं। खास बात है कि इस फिल्म में पहली बार वह कृति सैनन के साथ इश्क फरमाते दिखेंगे। पिछले दिनों फिल्म के पोस्टर पर उनका रोमांटिक अंदाज देखने को मिला था। अब उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

कृति इस फिल्म में एक रोबोट का किरदार निभा रही हैं, वहीं शाहिद एक वैज्ञानिक की भूमिका में दिख रहे हैं, जिन्हें रोबोट से प्यार हो जाता है। अब इस प्यार का अंजाम क्या होगा, यह तो फिल्म की रिलीज के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि कृति और शाहिद की जोड़ी आपको यकीनन पसंद आने वाली है। ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया की झलक भी देखने को मिली है। निर्माताओं ने कुछ ही दिन



पहले इस फिल्म का पहला गाना लाल पीली अखियां रिलीज किया था, जिसमें शाहिद और कृति की जबरदस्त केमिस्ट्री देखी गई थी। इतना ही नहीं दोनों का शानदार डांस भी इसमें देखने को मिला था। गाने में नीले रंग की साड़ी में कृति बेहद खूबसूरत लग रही थीं। यह एक पार्टी सॉन्ग है, जो झूमने पर मजबूर करता है। इसे रोमी और तनिष्क ने मिलकर गाया है, वहीं शेख जानी बाशा ने कोरियोग्राफी की है।

बता दें कि अमित जोशी और आराधना साह ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं फिल्म के निर्माता दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर हैं।

## अनन्या पांडे ने लगाया ग्लैमरस अदाओं का तड़का, ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में बरपाया कहर

अनन्या पांडे हर दिन लगातार किसी न किसी कारण खबरों में बनी हुई हैं। उन्हें कई बड़ी फिल्मों के लिए कास्ट किया जा रहा है, इसके अलावा एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ और ग्लैमरस अंदाज की वजह से भी हर दिन लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं। ऐसे में अनन्या के चाहने वालों की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। इस बार फिर से अनन्या अपने नए लुक के कारण चर्चा में आ गई हैं।



अनन्या पांडे ने अपने ग्लैमरस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं। उन्होंने इस फोटोशूट के दौरान ब्लैक ऑफ शोल्डर मिनी ड्रेस कैरी की है। अनन्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और शाइनी स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इस लुक के साथ उन्होंने हेयरस्टाइल के लिए बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा है।

अनन्या हमेशा की तरह इस लुक में भी स्टनिंग दिख रही हैं। फैंस की नजरें उनकी अदाओं पर टिकी रह गई हैं। बता दें कि इस लुक में एक्ट्रेस बीती रात अपनी फिल्म खो गए हम कहां की सक्सेस पार्टी में शरीक होने के लिए पहुंची थीं। यहां फिल्म के मेकर्स जोया अख्तर सहित पूरी स्टार कास्ट भी मौजूद थी। बता दें कि हाल ही में उनकी यह फिल्म रिलीज की गई है। दूसरी ओर अनन्या के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। जल्द ही अनन्या को कंट्रोल टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है। इसके बाद वह वेब सीरीज कॉल मी बे में भी नजर आ सकती हैं। वैसे, अनन्या के चाहने वाले तो उन्हें हर अंदाज में पर्दे पर देखने के लिए बेताब रहते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक

**बालोद।** भारतीय वायुसेना भर्ती द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष ऑनलाईन आवेदन 06 फरवरी तक कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन परीक्षा की तिथि 17 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार 06 फरवरी 2024 तक वायुसेना के वेबसाईट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ईच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय अथवा राज्य की शिक्षा बोर्ड से इंटरमीडिएट या समकक्ष गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय अथवा त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेंटीमीटर तथा महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी., महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा।

### निर्माण कार्यों में बेवजह देरी नहीं चलेगी - कलेक्टर

**रायगढ़।** लोक हित के निर्माण कार्यों को लेकर देरी बिल्कुल नही चलेगी। काम में यदि देरी होती है तो जिम्मेदारी तय होगी। सभी निर्माण एजेंसी फील्ड में अपने-अपने काम में प्रगति लाएं, इसकी लगातार समीक्षा होगी। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पीडब्ल्यूडी, आरईएस, पीएमजीएसवाय, एडीबी, ब्रिज, नेशनल हाईवे और सिंचाई विभाग सहित सभी निर्माण एजेंसी की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों में चल रहे प्रत्येक कार्य के स्वीकृति और पूर्णता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जो कार्य समय-सीमा से बाहर लंबित है उसको लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूर्ण करने की समय-सीमा होती है। उसी के आधार पर कार्य के स्वीकृति आदेश दिए जाते हैं। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि ठेकेदारों से इस समय-सीमा के अंदर काम करवाना सुनिश्चित करें। जो ठेकेदार काम में बिना वजह देरी कर रहे हैं उन पर अनुबंध के अनुसार कार्यवाही करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं चलेगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता का पूरा खयाल रखा जाए। ईई से लेकर सब इंजीनियर तक सभी लगातार फील्ड का दौरा कर कामों की क्वालिटी मॉनिटर करें, इसमें लापरवाही पर कार्यवाही होगी। यदि अंतर्विभागीय समन्वय में कहीं समस्या आती है तो तत्काल मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं जिससे उसका निराकरण किया जा सके।

#### राज्यपाल ने किया कुलपतियों के दो दिवसीय समागम का शुभारंभ

# विश्वविद्यालयों के अस्तित्व के लिए नये-नये क्षेत्रों में रिसर्च जरूरीः हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने बिलासपुर के केन्द्रीय गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ मध्य क्षेत्र द्वारा आयोजित कुलपतियों के दो दिवसीय समागम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सच्चे इंसान गढ़ने की फैक्टरी एवं प्रमुख केन्द्र हैं। नये-नये अनुसंधान एवं नवाचारों के माध्यम से नये ज्ञान का सृजन करना इनका महत्वपूर्ण काम है। विश्वविद्यालय के स्वयं के अस्तित्व के साथ-साथ देश दुनिया की निरंतरता के लिए भी नित नये अनुसंधान किया जाना अनिवार्य माना गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'यूनिवर्सिटीस न्यूज' के विशेषांक का विमोचन भी किया। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री जीडी शर्मा ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के सचिव श्री अतुल कोठारी उपस्थित थे। समागम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उप्र, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं शिक्षाविद् बड़ी संख्या में शामिल हुए।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बैठक से कुछ ठोस सिफारिशें सामने आएंगी जो सरकार और उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थाओं और युवाओं के लिए मददगार साबित होंगी। उन्होंने कहा कि कि भारतीय उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थानों ने अनुसंधान के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन इसमें और बहुत कुछ किये जाने की संभावना है। विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में केवल 75 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं, लेकिन उनमें से कोई भी शीर्ष 200 रैंक तक नहीं पहुंच सका। इनमें सुधार के लिए एक अच्छी अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने और एक मजबूत इको-सिस्टम बनाने के लिए भारत सरकार ने एक 'स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान' लॉन्च किया है जो मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को हैंडहोल्डिंग फंडिंग और इनक्यूबेशन के माध्यम से सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 रिपोर्ट में भी अनुसंधान और नवाचार पर पर्याप्त जोर दिया गया है। विश्वविद्यालयों को उद्योगों, सरकार और अन्य हितधारकों के साथ संबंध मजबूत करने चाहिए। श्री हरिचंदन ने स्वतंत्रता के बाद देश की विकास यात्रा पर रोशनी डाली।

उन्होंने जय जवान, जय किसान से लेकर जय, जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान तक की विकास यात्रा के विभिन्न सोपानों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कोरोना वैक्सीन विकसित की। इससे न केवल हमारे देश के नागरिकों को जानलेवा कोरोना से बचाया अपितु 50 से भी अधिक देशों को निःशुल्क वैक्सीन देकर उनकी भी प्राणरक्षा कर मानवता का परिचय दिया।

# आदिवासी हमारे देश की शान हैंः जगदीप धनखड़



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आदिवासी हमारे देश की शान हैं। उप राष्ट्रपति ने अपने निवास पर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश से आए आदिवासी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा मैं आपको यही कहूंगा कि आप इस देश के मालिक हैं। आप जमीन से जितना जुड़े हुए हैं और कोई वर्ग नहीं जुड़ा हुआ है''।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बीजापुर, सुकमा, बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर और राजनांदगांव जिले के 140 आदिवासी छात्र-छात्राएं और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के 60 छात्र-छात्राएं आज उप राष्ट्रपति से 'जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम' के तहत उप राष्ट्रपति के निवास पर उनसे मुलाकात के लिए पहुंचे थे। इस वर्ष देश भर के 25 प्रमुख शहरों में 'जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम' कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 200 प्रतिभागी होते हैं। गुरुग्राम (हरियाणा) में भी एक कार्यक्रम 15 से 21 जनवरी, 2024 तक हो रहा है। इस कार्यक्रम में भाग ले रहे छात्र-छात्राएं आज उप राष्ट्रपति से मिले। छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश के आदिवासी छात्र-छात्राओं ने 'जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम' के तहत संसद का भ्रमण भी किया।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय द्वारा पिछले 15 वर्षों से जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम ;ज्ल्म्च्द्ध का संचालन युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन ;छल्ज्ञैद्ध के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दूर-दराज के व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के जनजातीय युवक-युवतियों को देश भर के प्रमुख शहरों में भ्रमण पर ले कर जाते हैं।

# जिला स्तरीय बहुभाषा शिक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 18 जनवरी 2024 को जिला ग्रंथालय में जिला स्तरीय बहुभाषा शिक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों की भाषा में सीखने-सिखाने हेतु सामग्री निर्माण के वितरण करने पर , विशेष जोर दिया गया।

इस प्रशिक्षण में राज्य राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त किए मास्टर ट्रेनर द्वारा चारों विकासखण्डों से 10-10 शिक्षकों के हिसाब से 40 शिक्षकों को विकासखंड के मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया। चारों विकास खंडों के यह 40 मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विकासखंड में 103 संकुलों को क्लब करते हुए प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षकों को बहुभाषा शिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण 30 जनवरी 2024 को प्रदान करेंगे।

इस प्रशिक्षण में बच्चों के सीखने में भाषा की भूमिका और प्रथम भाषा के रूप में उनके घर की भाषा का महत्व पर फोकस किया गया था। चुकिं बच्चे सबसे पहले अपनी बात को अपने घर की भाषा में करते है और वे अपनी भाषा के शब्दावलियों का ही प्रयोग करते हुए अपनी बात को कक्षा में रखते है। इसलिए शिक्षक को भी चाहिए कि बच्चों को कम से कम प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिया जाए। इसके लिए स्कूलों में बहु भाषा शिक्षा लागू करने के लिए सर्वप्रथम मातृभाषा आधारित बहु भाषा शिक्षा लागू करना होगा। इसके लिए बच्चों के घर की भाषा का व्यापक और राजनीतिक प्रयोग विशेष रूप से करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान है। हमारे जिले में अधिकांश भागों में हल्बी बोली जाती है। साथ ही साथ गोंडी भाषा भी प्रचुर मात्रा में बोली जाती है। ऐसी स्थिति में जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर विभिन्न सामग्रियों का निर्माण हुआ है।

# सफलता प्राप्ति के लिए युवा सही दिशा में लगाएं अपनी ताकत- मंत्री टंकराम वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। युवा सप्ताह अन्तर्गत गुरुवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर भवन में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंक राम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।**



अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानन्द के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। युवा उत्सव में मुख्य वक्ता पाटेश्वर धाम बालोद के संत रामबालक दास महात्यागी एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर प्रदेश के सिद्धहस्त कवि श्री मीर अली मीर, देवेंद्र परिहार एवं महेंद्र बेजुबां ने काव्यपाठ से भक्तिमय शमा बांधा। युवाओं ने वाद्य, गायन, नृत्य आदि विधाओं में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 25 श्रीयुवाओं, 3 सांस्कृतिक मंडली को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है तथा 12 से 18 जनवरी तक युवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। स्वामी विवेकानंद हमारे पुरोधा हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को देश-दुनिया में पहुंचाया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर किसी भी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर काम संभव है लेकिन उसके लिए ईमानदारी व लगन से मेहनत करना जरूरी है। युवा अपनी ताकत सही दिशा में लगाकर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सृष्टि ने मनुष्य को बहुत ताकत दी है,उस ताकत को सही दिशा में लगाना जरूरी है। उन्होंने जीवन मे लक्ष्य निर्धारण की अहमियत बताने के लिए तमिलनाडु की एन.अम्बिका के द्वारा लक्ष्य प्राप्ति के लिए किए गए संघर्ष की कहानी भी सुनाई। जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा निखारना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है। युवा देश के भावी पीढ़ी हैं उन्हें संस्कारवान बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। युवा उत्सव में इस बार भक्तिमय माहौल निर्मित है जो स्वागत योग्य है। कार्यक्रम को नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, शिक्षाविद खोडस राम कश्यप, पूर्व नागपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्री एसएम पाध्ये ने भी संबोधित किया।

# प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृहमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं भारत के नवीन कानूनः मुख्यमंत्री

## देश के लिए अहम विषय है बेहतर न्याय व्यवस्थाः गृहमंत्री विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारत के तीन नवीन कानूनों को लेकर कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच की वजह से ही ये संभव हो पाया है। श्री साय ने कहा है कि आजादी के इतने वर्ष बाद भी हम अंग्रेजों के बनाए कानून का ही पालन कर रहे हैं जिसे बदलने का समय आ गया है। श्री साय ने कहा है कि समय के साथ परिवर्तन अनिवार्य है और देश, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बेहतर परिवर्तन की ओर अग्रसर है।**



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के पुराना पुलिस मुख्यालय में नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण में शामिल हुए और कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस को आने वाले समय में संसाधनों की कमी नहीं होगी और प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस को और सशक्त करेंगे।

नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण के मौके पर राज्य के गृहमत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था देश का एक अहम विषय है। उन्होंने नवीन कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री के प्रयासों से ये संभव हो पाया है कि हमें अंग्रेजों के कानून से मुक्ति मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के समक्ष नवीन कानूनों के प्रावधानों की प्रस्तुति देते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्री जुनेजा ने बताया कि नवीन कानून दंड देने की बजाए पीड़ित को न्याय देने की भावना के साथ तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने कानून दंड पर आधारित हैं जबकि नए कानून महिला सुरक्षा एवं न्याय पर आधारित हैं।

नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण के मौके पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, एडीजीपी विवेकानंद, एडीजीपी अमित कुमार, वित्त सचिव अंकित आनंद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सभी पंजीयन कार्यालयों में लागू होगी एनजीडीआरएस प्रणाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में ई-पंजीयन साफ्टवेयर के स्थान पर राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (एन.जी.डी.आर.एस.) चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत् मार्च-2024 के पहले तक सभी पंजीयन कार्यालयों में एन.जी.डी.आर.एस. साफ्टवेयर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एन.जी.डी.आर.एस. साफ्टवेयर को तीन पंजीयन कार्यालयों अभनपुर, महासमुन्द एवं धमतरी में प्रारंभ किया गया था। ई-पंजीयन प्रणाली की बीओटी अवधि समाप्ति उपरान्त अब सभी पंजीयन कार्यालयों में एन.जी.डी.आर. एस. साफ्टवेयर लागू करने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन विभाग द्वारा सभी प्राथमिक तैयारी की जा रही है, जिसमें हार्डवेयर उपकरणों, नेटवर्क लाईन की व्यवस्था के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एनजीडीआरएस प्रणाली के पायलट रन के दौरान तीन पंजीयन कार्यालयों में अब तक लगभग 45 हजार से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जा चुका है। द्वितीय चरण में धमतरी एवं महासमुन्द जिले के पंजीयन कार्यालयों सराईपाली, बसना, पिथौरा, कुरूद एवं नगरी में 11 जनवरी 2024 से लागू किया गया है। शीघ्र ही एनजीडीआरएस प्रणाली को राज्य के सर्वाधिक व्यस्तता वाले रायपुर पंजीयन कार्यालय में लागू किया जाना है, जिसके सफल संचालन उपरान्त, आवश्यक हार्डवेयर सह-उपकरण स्थापन कर शेष सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस प्रणाली लागू की जाएगी। भारत सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली को और अधिक कारगर एवं सुविधाजनक बनाये जाने हेतु एन.आई.सी. पुणे के माध्यम से एक कॉमन जेनरिक सॉफ्टवेयर (एनजीडीआरएस) विकसित किया गया है। राज्यों के आवश्यकता के अनुरूप इस सॉफ्टवेयर को कस्टमाईज कर एनआईसी के माध्यम से लागू किया जाता है। इस प्रणाली को लागू करने के लिए एन.आई.सी. द्वारा केवल साफ्टवेयर उपलब्ध कराया जाता है, शेष सभी संशाधनों तथा परिचालन का कार्य संबंधित विभाग के द्वारा किया जाता है। इस परियोजना में अब तक देश के 11 राज्यों में एनजीडीआरएस प्रणाली से पंजीयन कार्य किया जा रहा है।

एनजीडीआरएस प्रणाली में सभी राज्यों का डाटा एनआईसी के क्लाउड सर्वर में सुरक्षित रूप से संधारित होता है। केन्द्रीय रूप से डाटा संधारित होने से वेबसाईट के माध्यम से कहीं से भी सुरक्षित आई0डी0 पासवर्ड के माध्यम से सभी प्रकार की आवश्यक रिपोर्ट प्राप्त करने की सुविधा है। एनजीडीआरएस साफ्टवेयर के क्रियान्वयन से पंजीयन प्रक्रिया सरलीकृत होने के साथ ही पंजीयन में लगने वाले समय में भी कमी आयेगी।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### राजधानी में फायरिंगः बिहार से देशी कट्टा लाया युवक, टेस्टिंग के दौरान दोस्त पर चला दी गोली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फायरिंग का मामला सामने आया है। यहां के उरला क्षेत्र में एक युवक ने देशी कट्टे से अपने ही दोस्त पर गोली चला दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के कब्जे से 1 देशी कट्टा, 1 खाली कारतूस समेत 6 जिंदा कारतूस जब्त किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार उरला थाना क्षेत्र में यह फायरिंग की घटना हुई है। यहां रहने वाले आदतन बदमाश मोहित साहू बिहार के सिवान जिले से देशी कट्टा खरीदकर लाया। बताया जा रहा है वह अपने दोस्त रवि गुप्ता के साथ देशी कट्टा की टेस्टिंग कर रहा था। इस दौरान फायरिंग हो गई और गोली रवि गुप्ता को लगी। गोली लगने से रवि गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। रवि को यहां के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मोहित साहू को गिरफ्तार कर लिया। मोहित साहू के बारे में पुलिस ने बताया कि वह आदतन अपराधी है और पूर्व में भी लूट के मामले में जेल की हवा खा चुका है। उरला पुलिस ने आरोपी मोहित साहू के कब्जे से 1 देशी कट्टा, 1 खाली कारतूस समेत 6 जिंदा कारतूस बरामद किया है।

# चांपा में शराब की दुकान के सुरक्षा कर्मियों का मर्डर, दो माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में थाना चांपा की पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता पाई। दो पहले यहां के एक शराब की दुकान में सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद बदमाशों ने शराब की दुकान से शराब व नगदी चुराया था। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने 350 से ज्यादा सिम व 700 से ज्यादा मोबाइल से जानकारी जुटाई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने मामले में चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी निवासी शिवशंकर उर्फमुन्ना सहिस व उसकी पत्नी मंगली सहिस उर्फ माला व उसके बेटे कृष्णा सहिस को गिरफ्तार किया है।



दरअसल यह पूरी घटना 4-5 नवंबर 2023 की दरमियानी रात की है। चाम्पा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी स्थित शासकीय शराब दुकान की पहरेदारी कर रहे सुरक्षा गार्ड हथनेवरा निवासी यदुनंदन पटेल (28) व ग्राम पिसौद निवासी जयकुमार सूर्यवंशी (35) की टंगिया मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। दूसरे दिन सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तो देखा कि शराब की दुकान में शराब की बोतलें व नगदी भी चुराया गया। अज्ञात बदमाशों ने शराब की दुकान में चोरी करने की नीयत से दोनों सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने फॉरेंसिक विभाग, डॉग स्कॉड, थंब स्पेशिलिस्ट आदि को बुलवाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच कराई। इस मामले में चांपा पुलिस ने धारा 302, 460 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### स्पेशल टीम बनाकर कराई गई जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर स्पेशल टीम गठित किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का तकनीकी विशेषज्ञों से जांच कराई गई। घटनास्थल एवं आसपास के इलाके सिवनी, पिसौद, हथनेवरा, बरबसपुर, गोविंदा, कर्रा मोड़ आदि स्थानों का टावर डंप लिया गया जिनमें लगभग घटनास्थल से संबंधित 7 लाख 40 हजार 500 नंबरों की गतिविधियों की पुष्टी हुई। इसके अधार पर पुलिस ने जिसके आधार पर लगभग 386 सिम नंबरों का कॉल डिटेल रिकार्ड खंगाल कर लगभग 714 मोबाइल नंबरों को तस्दीक किया गया।

### 100 से ज्यादा संदेहियों का लिया गया बयान

विवेचना के दौरान विशेष टीम द्वारा लगातार घटनास्थल तथा अन्य संदेहास्पद स्थानों में लगातार कैंप कर आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। इस बीच पुलिस ने 100 से ज्यादा संदेहियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की, फिर भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। दो माह बीतने के बाद भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आरोपियों की जानकारी देने वालों के लिए इनाम भी घोषित कर रखा था। इस बीच पुलिस को एक ऐसा शख्स मिल गया जिसने घटना अपनी आंखों से देखी थी। पुलिस की पूछताछ में उसने शिवशंकर उर्फ मुन्ना सहिस का नाम लिया।

### पत्नी व सौतेले बेटे के साथ दिया घटना को अंजाम

आरोपी का सुराग मिलने के बाद पुलिस ने शिवशंकर को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में शिवशंकर टूट गया और सारी सच्चाई बता दी। आरोपी शिवशंकर ने बताया कि उसने दोनों सुरक्षा कर्मियों की हत्या अपनी पत्नी मंगली उर्फ माला व उसके पहले पति के बेटे कृष्णा सहिस के साथ मिलकर की थी। शिवशंकर के बयान के बाद पुलिस ने उसकी पत्नी मंगली व सौतेले बेटे कृष्णा को भी गिरफ्तार कर लिया। 4 व 5 नवंबर 2023 की रात को तीनों नकाब लगाकर शराब की दुकान में चोरी की नीयत से पहुंचे थे।

### बिस्किट देकर कुत्तों को दूर भगाया, सोते सुरक्षाकर्मियों पर किया हमला

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात करीब 12 बजे शराब की दुकान के पास पहुंचे। वहां आसपास तैनात कुत्तों को बिस्किट देकर दूर भगाया और दोनों सुरक्षा कर्मियों के सोने का इंतजार करने लगे। लगभग 1 बजे तक दोनों सुरक्षाकर्मी मच्छरदानी लगाकर सो गए। इसके बाद आरोपियों ने टंगिए के पिछले हिस्से से दोनों पर ताबड़तोड़ वार किया। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच एक अंजान व्यक्ति शराब के नशें में पहुंचा तो मुन्ना सहिस ने उसे पकडकर वापस बाहर सड़क की तरफछोड़ दिया। इसके बाद शराब की दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कांउटर के पास रखी नगदी के साथ 2 नग ब्लैक डॉग की बोतल चुराकर अपने घर वापस आ गए।

आरोपियों ने चोरी की शराब धीरे-धीरे पीकर खत्म कर दी और नगदी रकम खर्च करते रहे। आरोपीयों का अलग अलग बयान दर्ज किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार, पाना, नकाब, पहने कपड़े, ताला, चुराई गई शराब की खाली बोतल व 4500 रुपए नगदी जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 460, 120बी, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की गई। हत्या की गुत्थी सुलझाने में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस यदुमणी सिदार, चौकी प्रभारी नैला प्रशिक्षु डीएसपी संगम राम थाना प्रभारी, चाम्पा निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सायबर सेल के निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक पारस पटेल, थाना प्रभारी मुलमुला सागर पाठक, थाना प्रभारी सारागांव सत्यम चौहान, चौकी पंतोरा प्रभारी एएसआई दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, थाना चाम्पा के एएसआई रामप्रसाद बघेल, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र टण्डन, राकेश तिवारी, अजय चतुर्वेदी, आरक्षक माखन साहू, नितिन द्विवेदी, डीकेश्वर साहू, ईश्वरी राठौर, गौरीशंकर राय, शंकर सिह राजपूत, सायबर सेल से एएसआई मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंन्द्रा, बलबीर सिंह, विवेक सिंह, आरक्षक चिरंजीव कमलेश, गिरीश कश्यप, आनंद किशोर सिंह, रोहित कहरा, सिदार सिंह पैकरा, महिल आरक्षक दिव्या सिंह का विशेष योगदान रहा।

# नए कानून की जानकारी देने दुर्ग पुलिस को मिलेगा प्रशिक्षण, सभी थानों में संशोधित पुस्तिका का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में कानून में संशोधन किया है। तीन पुराने कानून को बदलकर तीन नए कानून बनाया गया है। नए कानून को लागू भी किया जाना है। इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस की ओर से सभी थानों के प्रभारियों व अन्य अधिकारी कर्मियों को नए कानूनों की जानकारी देने प्रशिक्षण दिया जाएगा।



बता दें भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व में प्रचालित कानून भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर 03 नवीन कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 अधिसूचित किया गया है। जिसे निकट भविष्य में लागू किया जाना प्रस्तावित है। नये कानून में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिये विशेष प्रावधान रखा गया है।

शासन द्वारा जारी नये कानून को जिले में लागू करने की दृष्टि से प्रथम चरण में जिले में कार्यरत पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण किया जाना आवश्यक है। इसे दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तर पर प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों को 03 नवीन कानून की पुस्तकों का वितरण किया गया है। नए कानून के संबंध में संक्षेपिका तैयार कर सभी स्थानों पर उपलब्ध करायी गई है। इसके अतिरिक्त नए कानूनों से संबंधित पोस्टर व पॉम्पलेट तैयार कर सभी जगह पर उपलब्ध कराते हुए जागरूकता बढ़ाई जा रही है। सभी थाना व चौकियों में नियमित रूप से अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# महासमुंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 किलो सोने के बिस्किट के साथ पकड़ाया तस्कर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने सोने के तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओड़िशा की ओर से होंडा सिटी कार से छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र की ओर जा रहा था। महासमुंद पुलिस ने ओड़िसा बार्डर के सिंघोड़ा पुलिस चेंकिंग नाका लग्जरी कार होण्डा सिटी को रुकवाया। जांच करने पर अलग अलग पैकेट 3.126 किलो सोने की बिस्कीट व पत्ती बरामद किया। जब्त सोने की कीमत 2 करोड, 6 हजार 400 रुपए बताई जा रही है। वहीं 4 लाख रुपए की कार भी जब्त की है।



यह कार्रवाई महासमुंद पुलिस की सायबर सेल व थाना सिंघोड़ा की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि ओड़िशा की ओर से भारी मात्रा में सोना लेकर तस्कर निकलने वाला है। सूचना के बाद साइबर सेल व थाना सिंघोडा की टीम ने अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर की ओर से एक सफेद रंग की होण्डा सिटी कार क्रमांक MH 26 AK 4501 तेज रफ्तार से महासमुंद की ओर आ रही थी। कार को चेक पोस्ट के पास रोका गया। कार चालक से पूछताछ में उसने बताया कि वह खड़कपुर पश्चिम बंगाल से नांदेड़ महाराष्ट्र जा रहा है। पूछताछ के दौरान पुलिस को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगी। इसके बाद वाहन की जांच करने पर कार के चेम्बर से तीन पैकेट मिले। एक पैकेट में 11 सोने के बिस्किट, दूसरे पैकेट में 3 सोने की बड़ी पट्टी तथा तीसरे पैकेट में 5 सोने की छोटी पट्टियां मिली। इसका वजन 3 किलो 126 ग्राम निकला जिसकी बाजार में कीमत 2 करोड़ 6 हजार 400 रुपए है। साथ ही होण्डा सिटी कार क्रमांक MH 26 AK 4501 कीमती 4 लाख रुपए को भी जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (IPS) के मार्गदर्शन व एएसपी आकाश राव व एसडीओपी सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में थाना प्रभारी सिंघोडा निरीक्षक अमित शुक्ला, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक संतोष सिंह व सायबर सेल द्वारा की गई।

# दुर्ग पुलिस की गिरफ्त में आया वाहन चोर गिरोह, 22 मोटर साइकिल बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। दुर्ग शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी करने वाले दो चोरों के साथ पुलिस ने खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाला मेशन ठेकेदार है और उसन चोरी के वाहन सस्तेदामों में खरीदकर अपने कर्मचारियों को दे रखे थे। पुलिस ने इस मामले में न्यू आदर्श नगर निवासी मुख्तार अहमद उर्फ सोनू, शंकर नगर निवासी शेख सलीम व ग्राम हनोदा निवासी मोहम्मद बेग उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 एक्टिवा, 3 स्प्लेण्डर व 18 एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल बरामद किया है। इनकी अनुमानित कीमत 14.70 लाख रुपए बताया जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग के साथ थाना मोहन नगर, पुलगांव व पद्यमनाभपुर थाने की संयुक्त टीमों द्वारा की गई। दरअसल दुर्ग शहर में वाहनों की चोरियों लगातार बढ़ने पर पुलिस द्वारा ऐसे बदमाशों पर नजर रखी जा रही थी। इस बीच जेल से छूटे बदमाशों पर भी पुलिस की निगरानी थी। इस दौरान पुलिस को सूत्रों से पता चला कि न्यू आदर्ष नगर दुर्ग निवासी मुख्तार अहमद, अपने साथी शंकर नगर दुर्ग निवासी शेख सलीम के साथ मिलकर चोरी की मोटर सायकल बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा है।

सूचना पर टीम द्वारा मुख्तार अहमद एवं शेख सलीम को मोहन नगर क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। शुरुआती पूछताछ पर गुमराह करता रहा लेकिन बाद में उसने पूरी सच्चाई उगल दी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पिछले एक साल के भीतर थाना मोहन नगर, पुलगांव एवं पद्यमनाभपुर क्षेत्र में चोरियां की है। वे शराब की दुकानों के भीड़ का फायदा उठाकर वाहन चुराते थे। दोनों ने 22 वाहन चुराए और इनमें कई वाहन हनोदा दुर्ग निवासी मोहम्मद बेग उर्फ गोलू को बेच दिया।




### ठेकेदान ने कर्मचारियों को दे रखे थे चोरी के वाहन

आरोपियों के बयान के बाद पुलिस की टीम हनोदा में मोहम्मद बेग उर्फगोलू के पास पहुंची। मोहम्मद बेग पेशे से भवन निर्माण का ठेकेदार है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के वाहन जब्त किए। पुलिस ने कुल 22 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की जिनकी अनुमानित कीमत 14.70 लाख रुपए है। इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से एएसआई राजेश पाण्डेय, प्रधान आर संतोष मिश्रा, प्रदीप सिंह राजपूत, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक बालमुकुंद साहू, चित्रसेन साहू, जगजीत सिंह, नरेन्द्र सहारे, सनत भारती, कोमल राजपूत, जी रवि, खुर्सीद खुर्रम बक्स, तिलेश्वर राठौर थाना मोहन नगर पुलगांव पद्यमनाभपुर टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### विभागीय परीक्षा के लिए अधिकारी कर्मचारी नियुक्त

**दुर्ग।** उपायुक्त (रा) वास्ते आयुक्त दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार विभागीय परीक्षा 29 जनवरी से 05 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई है। विभागीय परीक्षा के सुचारू रूप से सम्पादन हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्त किया गया है, जिसमें डिप्टी कलेक्टर दुर्ग श्री लवकेश ध्रुव को परीक्षा केन्द्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी और लेखाधिकारी कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग आर. एल. तारम को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार दुर्ग श्री अविनाश चौहान एवं नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर चंद्राकर को वीक्षक (इन्वीजिलेटर), सहायक ग्रेड-03 एस. अभिषेक एवं सहायक ग्रेड-03 जितेन्द्र कुमार वर्मा को लिपिकीय हेतु, भृत्य मेघनाथ साहू एवं भृत्य भू-अभिलेख शाखा ईश्वरी साहू को उत्तर पुस्तिकाओं को पैकेट तैयार करने व डाकघर जाने एवं अन्य व्यवस्था हेतु नियुक्त किया गया है।

### भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन

**दुर्ग।** भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया आरंभ हो गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक भारतीय वायुसेना के वेबसाईट http//agnipath-vayu.cdac.in के माध्यम से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 102/ समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अथवा अव्यावसायिक कोर्सों के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 102 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

# रिसाली में बना परशुराम चौक, वेद मंत्रो के साथ सांसद बघेल व विधायक चंद्राकर ने किया प्रतिमा का अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम रिसाली स्थित मैत्री नगर वार्ड में शहर के प्रथम परशुराम चौक पर लगे प्रतिमा का अनावरण किया गया। सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिमा का अनावरण किया। ट्वीन सिटी का यह पहला चौक है जहां परशुराम की प्रतिमा स्थापित की गई है।**



अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के चार दिन पूर्व नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा तैयार किए परशुराम चौक पर लगे भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण देर शाम किया गया।

इस अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह रिसाली निगम और छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों के लिए हर्ष की बात है कि रिसाली में प्रतिमा का अनावरण दिन विशेष के कुछ दिन पहले हो रहा है। यह हम सब के लिए सौभाग्य है। कार्यक्रम के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सब के आराध्य परशुराम प्रतिमा अनावरण पर बधाई दी। विधायक ललित ने कहा कि परशुराम भगवान के अवतार थे। सीता स्वयंवर में श्रीराम जी ने भगवान परशुराम का ही धनुष तोड़ माता सीता से विवाह किया था। खास बात यह है कि अयोध्या में चार दिन बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उसके ठीक पहले हम अपने आराध्य की प्रतिमा का अनावरण कर रहे है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दिपक पप्पू चंद्राकर, एमआईसी अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद सुनंदा पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा, सविता ढवस, हरिश नायक, सारिका साहू, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर एवं परशुराम विप्र सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष तिवारी समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

#### मंत्रोच्चार से गूंजा मैत्री नगर

भगवान परशुराम प्रतिमा अनावरण अवसर पर संगीतमय भजन की प्रस्तुती की गई। इसके बाद 21 आचार्यों ने वेद मंत्र का उच्चारण किया। शंख व घंटी की ध्वनी के बीच सांसद विजय बघेल व विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा ने प्रतिमा का अनावरण किया। समापन के पूर्व अतिथि व रिसाली के नागरिकों ने भगवान परशुराम की सामुहिक आरती की।

#### 16 लाख की लागत से बना चौक

नगर पालिक निगम रिसाली ने परशुराम विप्र सेवा समिति के अनुरोध पर यह चौक का निर्माण किया। चौक व प्रतिमा स्थापना में 16 लाख रूपए खर्च की गई है। तीन माह पूर्व चैक निर्माण करने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भूमिपूजन किया था। परशुराम विप्र सेवा समिति ने आयोजन के अतिथियों का भव्य स्वागत किया। वहीं शहर के पहले परशुराम प्रतिमा अनावरण अवसर पर हजारों की भीड़ उपस्थित थी। समिति ने इस इवसर पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया।

# दुर्ग से पलासा-बरहमपुर तक एक्सप्रेस ट्रेन की मांग: आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने आंध्रप्रदेश के सांसद को सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से आंध्र प्रदेश के पलासा व ओड़िशा के बरहमपुर तक व्हाया विजयनगरम् होते हुए नई एक्सप्रेस की मांग बरसों पुरानी है। इसके लिए दुर्ग भिलाई में रहने वाले आंध्र व ओड़िशा के लोग आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के माध्यम से संघर्ष रत हैं। अब तक कई सांसदों को ज्ञापन सौंपा गया और रेलवे के उच्च अधिकारियों तक मांग पहुंचाई गई लेकिन इस मांग का दरकिनार किया गया।**



इसी कड़ी में आंध उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव ने आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जाकर वहां के सांसद किंजरापु राममोहन नायडू को उनके गृह नगर निम्माड़ जाकर उनके निवास पर ज्ञापन सौंपा और दुर्ग से विजयनगरम् होते हुए पलासा -बरहमपुर तक नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने की मांग की गई।

ज्ञापन के जवाब में सांसद राममोहन नायडू ने कहा कि 30 जनवरी 2024 से लोकसभा का बजट सत्र प्रारंभ होगा। मैं लोकसभा सदन में नई रेल सुविधा दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक प्रारंभ करने की मांग करेंगे। इसके अलावा आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल को साथ रेल मंत्री से मुलाकात कर चर्चा करने के लिए दिल्ली आने कहा गया। आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव, पूर्व सरपंच ए रामकृष्ण, आर गणपति, के पापा राव, पी बालू, पी तिरूपति राव ने ज्ञापन सौंपने के बाद सकारात्मक पहल के लिए सांसद का आभार जताया।

आंध्र उत्कल संघर्ष समिति अध्यक्ष के उमाशंकर राव ने बताया कि दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक आने जाने की दूरी मात्र 722 किलोमीटर की दूरी है। इस दूरी को तय करने में दो से तीन ट्रेनों को बदलना होता है।

बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ यात्रा करना बहुत मुश्किल, आरक्षण नहीं मिलने के कारण लोगों को बहुत कष्टदायक यात्रा करनी पड़ रही है। दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक नई ट्रेन चलाने के लिए कई बार भूख हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं जन आंदोलन कर रेल प्रशासन को ध्यानाकर्षण किया गया। इस दौरान आश्वासन तो मिला लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं की गई।

# प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्ड़ेय ने बिलासपुर में नए वोटर्स का कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय अपने तीन दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नवमतदाता युवाओं से भेंट की एवं 25 जनवरी को आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन के लिए पोर्टल के माध्यम से उनका ऑनलाइन पंजीयन कराया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर के तीन मंडलों में एवं कालेज छात्रों से संवाद कर उन्हें आमंत्रित किया।

श्री पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 25 जनवरी को एक साथ देश के 5000 स्थानों पर नमो नवमतदाता सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत भाजयुमो द्वारा मुझे बिलासपुर का विस्तारक नियुक्त किया गया है, जिसके तहत आज बिलासपुर के पूर्व, पश्चिम एवं मध्य मंडल में नवमतदाताओं से भेंटकर उन्हें इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया एवं सम्मेलन के लिए पोर्टल के माध्यम से सभी का ऑनलाइन पंजीयन कराया। उन्होंने एसबीटी कालेज का भी भ्रमण किया और छात्रों से भेंटकर उन्हें संवाद किया।

# महापौर ने जनप्रतिनिधियों व नागरिको के साथ मंदिरों में झाड़ू लगाकर किया साफ-सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ तीर्थ योजना के तहत लगातार पूरे शहर के समस्त मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ सफाई की जा रही है। सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल ने पार्षदों व आम नागरिकों के साथ हाथ मे झाड़ू लेकर साफ सफाई कर पूरे मंदिर परिसर के अंदर और मंदिरों के बाहर सीढ़ियों में पोझा लगाया।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने श्री जलाराम सांस्कृतिक भवन परिसर के ऊपर मंदिर व माँ शीतला सतरूपा मंदिर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर मंदिर परिसर में पोझा लगाकर साफ किया।पीएम श्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी तक सभी मंदिरों देवालयों की सफाई का आह्वान किया है।बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।पूरे देश में उत्साह का माहौल है।उसी तरह दुर्ग शहर में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है।सभी लोग एक जुट होकर शहर के मंदिरों की साफ सफाई व्यवस्था में लगे हुए है।महापौर धीरज बाकलीवाल,एमआईसी सदस्य भोला महोविया,सत्यवती वर्मा,प्रकाश जोशी,पूर्व एल्डरमेन जगमोहन ढीमर,उषा ठाकुर,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,पप्पू श्रीवास्तव,संगीता बघेला राजा भाई,पूनम राजा,लीलाबेन लखानी के साथ मंदिरों की साफ- सफाई कर मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया। स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और रामलला के आगमन से पहले शहर के मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रो को स्वच्छ किया जा रहा है।इसी तारतम्य में स्वच्छ तीर्थ योजना के अंतर्गत लगातार पूरे शहर के समस्त मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ सफाई का आज चौथा दिन भी जारी रहा।बता दे कि शहर के मंदिरों में पूरे एक हफ्ते तक अलग-अलग सफाई किया जावेगा।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की सैकड़ों भक्तों के साथ शीतला माता मंदिर की सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व देश भर के मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी को मंदिरों को साफ कर किया जा रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है और इससे पहले मंदिरों की सफाई में पूरा देश व जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने उतई के मचांदूर स्थित शीतला माता मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। सैकड़ों रामभक्तों के साथ विधायक ललित चंद्राकर ने मंदिर में सफाई की।

सफाई अभियान के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने साथियों के साथ पहले झाड़ू लगाया। इसके बाद पानी से मंदिर परिसर को अच्छी तरह से धोया गया। मंदिर के सभी हिस्सों को धोकर साफ सुथरा किया गया। मंदिर के गर्भगृह को विधायक ललित चंद्राकर ने स्वयं साफ किया और इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना भी की। मंदिर की सफाई होने के बाद विधायक ने लोगों से चर्चा की और कहा कि मंदिर को हमेशा से साफ सुथरा रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर इस पुण्य अभियान से जुड़कर आप सब भी सहभागी बनें।

सफाई अभियान के दौरान विधायक ललिल चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान सभी मंदिरो की सफाई किया जाना है। अपने अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों की सफाई अवश्य करें और रामलला के आगमन का स्वागत करें। विधायक ललित ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घरों में डीए जलाएं और दीपावली मनाएं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश वासियों के लिए गर्व का क्षण है। इसलिए इस विशेष पल का हम सभी सहभागी बनें।

#### सफाई अभियान कार्यक्रम में यह रहे शामिल

सफाई अभियान कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर के साथ प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू, चंदु देवांगन, पार्षद सतीश चंद्राकर, भीमसेन सिन्हा, योगेश ठाकुर, सरस्वती साहू, नरेंद्र साहू, राजूलाल साहू, आशीष साहू, डॉ अनिल साहू, रूपनारायण शर्मा, रूपेश पारख, करन सेन, भूपेंद्र साहू, चिंटू सिन्हा, बृजमोहन साहू, सोहन रिगरी, घनशयाम चंद्राकर, गिरीश शर्मा, देवेंद्र सिंह राजपूत, हुबलाल चंद्राकार, नीलम गढ़े, खुबीराम साहू, आलोक साहू, दीपक मारकंडे, भूपेंद्र ढीमर, कुमार साहू, भगवती विश्वकर्मा, राजू साहू, राकेश वर्मा, संगीता रजक, ममता चंद्राकर, दनेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950